नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 208 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 3 जून 2023

पेज -4 पर

निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष ...

परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने पर प्रधानमंत्री ने लतारानी पटेल को ...

पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

कार बनी ही गड़बड़, फोर्ड कंपनी और डीलर को देना होगा 29.48 लाख, या नई कार

राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला

रायपुर । छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने कार निर्माणगत त्रुटि के मामले में एक बड़ा आदेश पारित करते हुए निर्माता फोर्ड इंडिया कंपनी और विक्रेता जीके फोर्ड को संयुक्त रूप से जिम्मेदार ठहराया है।

आयोग ने गुरूवार को अपने फैसले में उपभोक्ता कार मालिक को कार की बीमित घोषित कीमत 29 लाख 13 हजार रूपये के साथ ही उस पर 23 अगस्त 2018 से छः प्रतिशत ब्याज, 25 हजार रूपये क्षतिपूर्ति राशि एवं 10,000 रूपये वाद व्यय और विकल्प के तौर पर उसी मॉडल की नई कार देने का प्रावधान भी आयोग ने अपने आदेश में किया है। मामला नवंबर 2016 का है जब मेसर्स मां हरसिद्धी इंफ्रा डेव्हलपर्स के निर्देशक एल. बाबू राव जीके फोर्ड से नई एंडेवर स्टार डस्ट कार 30 लाख 97 हजार 47 रूपये में खरीदी थी। वारंटी अवधि के दौराम ही कार में एक दो महीने के अंतराल में बार-बार खराबी आने लगी। इस बात की जानकारी बाबू राव ने कंपनी और डीलर दोनों को दी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक बार गाड़ी बस्तर इलाके में बीच में बंद पड़ गई जिसे टो करके शोरूम तक ले जाना पड़ा। कई बार गाड़ी में खराबी का पता कंपनी के इंजीनियर्स ही नहीं बता पाए तो कभी स्पेयर पार्टस उपलब्ध न होने के कारण गाड़ी मरम्मत के लिए दो-दो महीने तक शोरूम में ही रखी रही। इस बात से क्षुब्ध होकर एल. बाबू राव ने अपने अधिवक्ता शिशिर श्रीवास्तव के माध्यम से आयोग में केस दायर किया। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया, सदस्य गोपालचंद्र शील एवं प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने सर्वप्रथम मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग को विशेषज्ञ नियुक्त कर गाड़ी का निरीक्षण कर प्रतिवेदन पेश करने का आदेश दिया। विशेषज्ञ ने अपने प्रतिवेदन में वाहन में निर्माणगत त्रुटि होना पाया। लिहाजा प्रकरण के अभिलेख में आए साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने यह निर्णय पारित किया।

नशे के हालत में बलात्कार

वीडियों बनाकर ब्लैकमेलिंग भी, सोशल स्पार्क कंपनी का मैनेजर गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस ने रेप और ब्लैकमेलिंग जैसे जघन्य आरोपों से घिरे एक शख्स को हिरासत में लिया हैं। पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ कर रही हैं।

आरोप हैं की उसने ना सिर्फ एक महिला के साथ बलात्कार किया बल्कि अश्लील वीडियों भी बनाया।

वह युवती को वीडियों वायरल करने की धमकियां भी दे रहा था। गिरफ्तार किये गए आरोपी का नाम राहुल बानिक हैं। आरोपी राहुल सोशल स्पार्क कंपनी में मैनेजर हैं। वही पीड़िता भी उसकी ही कंपनी में काम करती हैं।

पीड़िता ने तेलीबांधा पुलिस को सौंपे अपने तहरीर में बताया था की मैनेजर राहुल बानिक उसका दैहिक शोषण कर रहा था।

इतना ही नहीं बल्कि उसने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती का रेप भी किया था। आरोपी ने रेप के बाद युवती की अश्लील तस्वीरें खींच ली थी। वह धमकी देकर लगातार उसका शोषण कर रहा था। बहरहाल तेलीबांधा पुलिस ने मामले पर गंभीरता दिखते हुए राहुल को गिरफ्तार कर लिया हैं। आगे की कार्रवाई के लिए पीड़िता के बयान कलमबद्ध किये जा रहे हैं।

अनवर, नितेश, दिल्लन और अरुणपति कोर्ट में पेश

13 जून तक बढ़ी रिमांड

रायपुर । ED के चारों आरोपियों अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ़ पप्पू के अलावा अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी को जेल अभिरक्षा बढ़ा दी गई है। आज 2 जून को सभी चारों सहयोगियों को एक साथ स्पेशल कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

यहां पर दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने और आरोपियों के बेल आवेदन पर विशेष न्यायाधीश ने 13 जून को फैसला देने का नादेश दिया। साथ ही इस दौरान पुन: सभी चरों को न्यायिक अभिरक्षा में 13 जून तक जेल भेजने का आदेश जारी किया।

बता दें कि अनवर ढेबर के वकीलों ने कोर्ट में ED के अभियुक्त अनवर ढेबर की बेल आवेदन प्रस्तुत किया है। इसपर भी विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 13 जून को निर्णय लेंगे। जानकारी के मुताबिक ED द्वारा कोर्ट के सामने मामले की न्यायिक जांच हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ही मामलों में अब 13 जून को स्थिति स्पष्ट होगी।

बता दें कि गत शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में कारोबारी अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, त्रिलोक ढिल्लों समेत आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी को अदालत में पेश किया। रायपुर की विशेष अदालत में दिनभर चली सुनवाई के बाद कारोबारी ढेबर और नितेश पुरोहित को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था और ED के पास त्रिपाठी, ढिल्लन थे।

बाद में 4 दिन की ईडी की रिमांड में रहने के बाद उन्हें फिर से अदालत में पेश कर जेल अभिरक्षा में भेजा गया था। आज पुन: चरों आरोपियों को एक साथ रायपुर जिला न्यायलय में स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सभी को अब 13 जून को पेश किया जायेगा।

एक नजर

महिला पहलवानों के समर्थन में नक्सलियों ने लगाया बैनर

सांसद बृजभूषण की सदस्यता रद्द कर गिरफ्तार करने की मांग

कांकेर। दिल्ली में पहलवान खिलाड़ियों का प्रदर्शन जारी है. महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया है. इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई है लेकिन यौन शोषण का आरोपी अभी भी गिरफ्तार नहीं हुआ है. प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में किसान समेत कई संघठन उतरे हैं. वहीं छत्तीसगढ़ के कांकेर से बड़ी खबर आई है. जहां पहलवानों के समर्थन में नक्सली आए हैं और बैनर भी लगाए। कांकेर जिले के जनकपुर से छोटेबेठिया मार्ग पर नक्सलियों ने महिला पहलवानों के समर्थन में बैनर लगाया है।

पीएम मोदी भिलाई में आईआईटी का करेंगे लोकार्पण

भिलाई। आईआईटी भिलाई का लोकार्पण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगस्त के पहले हफ्ते में भिलाई आ सकते हैं। पीएमओ की ओर आईआईटी को इस संबंध में सूचना दी गई है। हालांकि पीएमओ की ओर से अभी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

रामायण को यहां नृत्य के रूप में दर्शाया जाता है

कम्बोडिया में राम हर दिल में बसते हैं

अंतराष्ट्रीय रामायण महोत्सव, भगवान राम की महिमा की गाथा है "रिमकर"

रायपुर। भारत से करीब 4500 किमी की दूरी पर स्थित देश कम्बोडिया में विश्व का सबसे बड़ा विशाल अंगकोर वाट (विष्णु) मंदिर है। यहां की संस्कृति में भगवान राम घर-घर और लोगों के दिलों मे बसते हैं, यहां राम को हर आम आदमी की कहानी से जोड़कर देखा जाता है।

कम्बोडिया से पहुंची 12 सदस्यीय टीम ने बताया कि यहां जिस तरह से भगवान राम को पूजते हैं, उसी तरह वहां भी राम की मान्यता है, हमारे यहां रामायण को "रिमकर" के नाम से जाना जाता है। यह एक कम्बोडियन महाकाव्य से उद्धृत कविता है, जो संस्कृत की रामायण से प्रेरित है। "रिमकर" यानी राम की महिमा होती है। कम्बोडिया में भी सरकार यहां की कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करती है। यहां भगवान की कहानी को आम लोगों से जोड़कर दिखाया जाता है। कम्बोडिया से आए रामकथा के एक कलाकार ने बताया कि इस तरह की प्रस्तुति देने पहली बार भारत आए हैं, लेकिन इससे पूर्व वे पारिवारिक यात्रा में भारत आ चुके हैं। अंतराष्ट्रीय रामायण महोत्सव में शुभारंभ अवसर पर 1 जून को कम्बोडिया की अंतर्राष्ट्रीय रामायण टीम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी थी। आकर्षक वेशभूषा के साथ 25 मिनट की प्रस्तुति के दौरान टीम ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

कम्बोडिया रामायण टीम द्वारा अहिरावण प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति की गयी, इस प्रसंग में रावण का भाई अहिरावण राम को मूर्छित कर पाताल लोक ले जाते हैं। तब हनुमान राम को लाने पाताललोक जाते हैं, जहां उनका सामना अपने ही पुत्र मकरध्वज से होता है। युद्ध में दोनों की लड़ाई होती है, लेकिन इसमें किसी जीत या हार नहीं होती। अंत में हनुमान राम को वापस लाते हैं। कम्बोडिया की टीम ने इस प्रसंग को बड़े ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। भावों को समझने भाषा आड़े नहीं आई। लोग कम्बोडिया के रामायण में भी उसी भावधारा में बहते रहे जैसे मानस कथा सुनकर अभिभूत हो जाते हैं।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव, रायगढ़ - गोवा से आये कलाकारों की प्रस्तुति

कोंकण क्षेत्र में महाराष्ट्र के भक्ति आंदोलन का गहरा प्रभाव हुआ। संत रामदास जैसे भक्त हुए।

महाराष्ट्र के भक्ति आंदोलन जैसी सुंदर प्रस्तुति यहां भी हो रही है। महाराष्ट्र में नीलमत पुराण का गहरा प्रभाव है और कोंकण में भी। इसमें गणपति की पूजा की परंपरा है।

यही वजह है कि यहां रामकथा में गणपति भी दिखे हैं।

अमित जोगी का कार्यकर्ताओं को पत्र

गठबंधन-विलय के सारे विकल्पों पर विमर्श हुआ, जो भी निर्णय हो उसमें साथ

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगीप्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने समर्थकों को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने पार्टी को लेकर इस हफ्ते निर्णय लेने बात कही है. उन्होंने इस पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उन्होंने ये भी लिखा है कि पार्टी के विलय-गठबंधन पर इस हफ्ते जो भी निर्णय हो उसमें साथ दें.

अमित जोगी ने पत्र में कार्यकर्ताओं से कहा है कि आपका भविष्य केवल और केवल उज्वल रहेगा. हम सब मिलकर 2023 में अपनी सरकार बनाएंगे।

महाअभियान.. कांग्रेस के सम्मेलन में भूपेश बघेल हुए भावुक

कुमारी सेलजा बोलीं- बीजेपी नफरत फैलाती है और राहुल प्यार, 2 हजार से अधिक कार्यकर्ता हुए शामिल

जगदलपुर। बस्तर में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भावुक हो गए। ऐसा उस वक्त हुआ, जब वे झीरम हमला और BJP की सरकार के दौरान कांग्रेसियों को परेशान करने का जिक्र कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सेलजा ने कहा, बीजेपी के लोग नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी 3500 किमी चलकर जो मोहब्बत की दुकान खोली है। ये उनका मुकाबला नहीं कर पाएंगे।

बस्तर में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में 2000 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। खास बात ये है कि, सम्मेलन में संभाग के अलग-अलग जिले के कांग्रेस पार्षद, अध्यक्ष, MLA, महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष , जिला पंचायत अध्यक्ष स्तर के नेताओं को ही बुलाया गया। इस सभा के जरिए भूपेश बघेल और कुमारी सेलजा ने चुनावी हुंकार भरी है। भूपेश बघेल ने कहा, बस्तर के लिए हमने अनेक योजनाएं दी है। यहां लगातार विकास के काम हो रहे हैं। हमने लोगों का विश्वास जीता है। बस्तर में पहले लोग आने से डरते थे। यहां डर का माहौल था लेकिन अब समय बदला है। जगह-जगह पर विकास के काम हुए हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन के सभी नेता उपस्थित थे। 4 घंटे तक हमारा सम्मेलन चला। BJP के केंद्र और राज्य की नाकामियों के साथ कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गई है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कुमारी सेलजा बोलीं, कांग्रेस पार्टी ने जोखिम उठाई। जोखिम के साथ आगे बढ़ी है। आप सभी कार्यकर्ता कांग्रेस के सिपाही हैं। हमारे सामने बीजेपी केंद्र में सरकार चला रही है। 15 साल यहां सरकार चलाई इनके विचारधारा सिर्फ झूठ है। जुमलेबाजी करके सत्ता पर आई है। छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने जो काम किया है, ऐसा काम पूरे इतिहास में छत्तीसगढ़ में नहीं हुआ होगा। आज बस्तर की तस्वीर बदल गई है।

केंद्र सरकार पर बोलीं हमला

कुमारी सेलजा ने कहा, 2014 से पहले गैस का रेट 410 रुपए था। अब 1200 से ऊपर हो गया है। पेट्रोल की कीमत बढ़ी है। यदि केंद्र के भरोसे रहे तो बस्तर का कोई व्यक्ति घर नहीं चला सकता है। बस्तर के वनोपज और हमारे काम की वजह से यहां काम हुआ है। चीन हमारे देश में घुसता जा रहा है। लेकिन केंद्र सरकार की हिम्मत नहीं है कि वे कुछ कर सके।

ट्रक घर में घुसने से मासूम की मौत, कई घायल

सूरजपुर। रामानुजनगर थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया. यहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर घर में जा घुसा. इस दुर्घटना में 2 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय सूरजपुर में किया जा रहा है. सूचना के बाद पुलिस मोके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

ओडिशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई, 8 बोगियां पलटीं

भुनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गई हैं। हादसे में कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। ये ट्रेन हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से ये हादसा हुआ है। रेलवे ट्रेक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गईं। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन दोपहर 3.15 मिनट पर यह ट्रेन शालीमार स्टेशन से निकली थी। ओडिशा के बालासोर से 40 किलोमीटर दूर बहानागा स्टेशन के पास मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गई।



हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी कर दिया है.

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 3 जून 2023

बांग्लादेश में चुनाव से पहले मुश्किलें, शेख हसीना के चीन के पाले में जाने से बढ़ेगी भारत की चिंता

ढाका में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान भारत और बांग्लादेश के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में अगले वर्ष वहां होने वाले चुनाव से जुड़ी कुछ अनिश्चितताएं सामने आईं। कुछ समय बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी अपने ढाका दौरे में बांग्लादेश की जमीनी हकीकत जानने का अवसर मिला। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना हालांकि ठीक स्थिति में दिख रही हैं, इसके बावजूद सब कुछ सामान्य नहीं लग रहा। बीएनपी के नेतृत्व में वहां के कट्टर इस्लामी विपक्ष ने कहा है कि अगर आगामी चुनाव मौजूदा सरकार के नेतृत्व में होता है, तो वह इसमें भाग नहीं लेगी, क्योंकि इसमें पिछली बार की तरह बड़े पैमाने पर धांधली होनी तय है।

अमेरिका सहित पश्चिमी शक्तियां एक गैर-पक्षपाती अंतरिम सरकार की निगरानी में चुनाव कराए जाने की विपक्ष की मांग का समर्थन कर रही हैं। दरअसल 2010 तक बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की निगरानी में ही चुनाव कराने की परिपाटी थी, लेकिन उसी साल अवामी लीग की सरकार ने उस व्यवस्था को समाप्त कर दिया, जिसके पास संसद में भारी बहुमत था। हालांकि अवामी लीग के पास 2006-08 के अनुभव के बाद अंतरिम सरकार के बारे में आशंकित होने के ठोस कारण हैं, जब सैन्य समर्थन से दो शक्तिशाली महिलाओं (शेख हसीना वाजेद और खालिदा जिया) को हटाकर पिछले दरवाजे से नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को सत्ता सौंपी गई थी।

मोहम्मद यूनुस अमेरिका के चहेते हैं, जिन्हें बांग्लादेश का अशरफ गनी भी कहा जा सकता है। पर पश्चिमी समर्थन, बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक लघु ऋण लाभार्थी नेटवर्क और नोबेल पुरस्कार जैसी विराट उपलब्धि को वह राजनीतिक रूप से रूपांतरित करने में स्पष्ट रूप से विफल रहे हैं। अब उन पर श्रम अदालत में मुकदमे भी चल रहे हैं। पर आश्चर्यजनक यह है कि इसके बावजूद वह अपने पश्चिमी संबंधों को बनाए रख सकते हैं। यूनुस के वकील ने तो अदालत में यह दावा तक किया है कि उन्हें दूसरा नोबेल मिल सकता है। ऐसा लगता है कि अमेरिका बांग्लादेश में यूनुस को आगे रखकर, सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी अभियान चलाकर तथा मानवाधिकार व लोकतंत्र के मुद्दे उठाकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। यह वैसा ही अभियान है, जैसा उसने 2013 में यूक्रेन में किया था। पर पश्चिमी दबाव बढ़ने से शेख हसीना चीन के करीब आ सकती हैं, संयुक्त राष्ट्र में जिसका वीटो बांग्लादेश के खिलाफ लगने वाले प्रस्तावों को रोकने में सक्षम है। भारत की यहां दो स्पष्ट सीमाएं हैं- उसके पास संयुक्त राष्ट्र का वीटो नहीं है, और चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक गठजोड़ भारत को बांग्लादेश के मुद्दे पर वाशिंगटन से जवाब-तलब करना मुश्किल बना देगा। फिर भारत में अब प्रणब मुखर्जी जैसे अनुभवी राजनीतिज्ञ की कमी है, जो बांग्लादेश को अच्छी तरह से जानते थे।

बांग्लादेश में चुनाव से पहले शेख हसीना जिस दबाव में हैं, वह भारत को भी आशंकित कर रहा है। भारत अवामी लीग की वापसी तो चाहता है, पर अमेरिकी योजना कुछ और है। वैसे में, हसीना अगर चीन के पाले में जाएं, तो भारत की चिंता बढ़ेगी।

यदि बांग्लादेश म्यांमार (और श्रीलंका) के रास्ते पर चला जाता है, तो फिर पड़ोस में भारत के लिए क्या बचेगा? वैसे में, अपने सबसे बड़े एशियाई प्रतिद्वंद्वी को रणनीतिक रूप से घेरने का चीन का काम लगभग पूरा हो जाएगा। और यदि बांग्लादेश में यूक्रेन जैसा एक अमेरिकी ऑपरेशन काम करता है, तो भारत को बांग्लादेश में एक इस्लामी व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाना होगा, जो अवामी शासन के पिछले 14 वर्षों के दौरान हुए बहुत से लाभों पर पानी फेर सकता है। बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया ने धमकी दी ही है कि सत्ता में आने पर वह हसीना द्वारा भारत के साथ किए तमाम समझौतों की समीक्षा करेंगी।

इस साल हुए गोपनीय सर्वेक्षण के मुताबिक, अगर अवामी लीग अपने मौजूदा सांसदों के साथ चुनाव मैदान में उतरती है, तो 300 सदस्यों के सदन में उसे केवल 32-47 सीटें मिलेंगी। लेकिन सर्वे, जिसकी रिपोर्ट इस लेखक ने देखी है, यह भी बताता है कि अगर अवामी लीग अपने सबसे लोकप्रिय उम्मीदवारों के साथ चुनाव मैदान में उतरती है, तो वह 83-117 सीटों पर जीत हासिल कर लेगी। लेकिन यदि सरकार अगले छह महीने में अच्छा प्रदर्शन करती है और कुछ महत्वपूर्ण कार्रवाई के जरिये भ्रष्टाचार और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर रोक लगाती है, तो सर्वे के मुताबिक, अवामी लीग 140 सीटों के करीब पहुंच सकती है, क्योंकि तब 37 फीसदी मतदाता अपना मन बदल सकते हैं।

इसलिए हसीना पर भ्रष्ट और अक्षम मंत्रियों को बदलने तथा पार्टी में विशेष रूप से गृह, वित्त, विदेश, सूचना, उद्योग, वाणिज्य और जल संसाधन मंत्रालय में साफ-सुथरे चरित्र वाले नेताओं को जगह देने का दबाव बढ़ रहा है। कुछ लोगों ने अमीर हुसैन अमू और बहाउद्दीन नसीम जैसे दिग्गजों को मंत्रिमंडल में शामिल करने का सुझाव दिया है, ताकि सरकार को कानून और व्यवस्था के बढ़ते संकट से उबारने में मदद मिल सके। इस वजह से भारतीय दबाव भी बढ़ गया है, क्योंकि भारत अवामी लीग को सत्ता में वापस देखना चाहता है, लेकिन निष्पक्ष चुनाव के जरिये, जिससे न सिर्फ पश्चिमी जुमलेबाजी बंद हो सकती है, बल्कि वह स्थिति बांग्लादेश को एक-दलीय शासन में जाने से भी रोकेगी, जिससे चीनी वर्चस्व बढ़ने की ही आशंका है।

भारत को सबसे ज्यादा चिंता वहां एक भ्रष्ट और शक्तिशाली सिंडिकेट (राजनेता, नौकरशाह, सेनानायक और उद्योगपति) के बढ़ते असर से है, जो पाकिस्तान समर्थक उद्योगपति के नेतृत्व में प्रधानमंत्री को सलाह देता है और चीन तथा अमेरिका, दोनों के साथ है।

सुबीर भौमिक

संपादकीय

हिरोशिमा में तिहरे खतरे के बादल!

विश्व की शक्ल बदल रही है। वजह पृथ्वी और मनुष्य दोनों के दुर्दिन हैं। पृथ्वी का मिजाज, उसकी इम्यून क्षमता, जहां मनुष्यजनित और प्रकृतिगत बीमारियों से बिगड़ती हुई है वहीं मानव सभ्यता बुद्धि की पांचवीं और संभवतया आखिरी क्रांति से अपने दिमाग को गंवाने का खतरा लिए हुए है। मनुष्य बुद्धि का मशीनी टेकओवर संभव है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस याकि मानव निर्मित नकली बुद्धि की वह एक असेंबली लाइन, जिस पर नए सिरे से होमो सेपियन की गढ़ाई होगी। वैसे ही जैसे कभी प्राचीन काल में धर्म ने इंसान को भिन्न-भिन्न ठप्पों का बनाया था। बहुत संभव है इसी सदी में मनुष्य प्रकृति की असमानताओं के आधार पर इंसान का नए सिरे से मानकीकरण हो। निश्चित ही पृथ्वी और मनुष्य की जैविक रचना यथावत है। जैसी थी वैसी है और रहेगी। बावजूद इसके रेगिस्तान यदि नखलिस्तान हो जाए और उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव्र रेगिस्तानी गर्मी में पिघलकर उपजाऊ मैदान हो गए तो सौ वर्षों में पृथ्वी का भूगोल व शक्ल तो बदली ही मानेंगे। अगले सौ वर्षों में भूगोल, आबोहवा, रूप-रंग, प्रकृति सभी में पृथ्वी नई शक्ल लिए हुए होगी। ऐसे ही दस-बारह अरब लोगों की मानव जाति की असमानताएं भिन्न ब्रांड- मिजाज की शक्लों से चिन्हित होगी। वैसे ही जैसे पुराण कथाओं से राम-रावण, वानर सेना-असुर सेना, देवलोक-असुरलोक, ॠषिजन-बर्बर, बुद्धिमान-गंवार, मालिक-गुलाम की प्रकृति में विभिन्न तरह के चेहरों का दिमाग में इलहाम बनता है।

बारिश का पानी संचित करने के लिए स्पंज सिटी की जरूरत, जल-भराव से मिलेगी मुक्ति

मई में अचानक आई आंधी और बारिश के कारण अनेक महानगरों में जल-भराव दिखने लगा, तो हैरत नहीं हुई, क्योंकि ये दृश्य आम हो गए हैं। जलवायु बदलाव का यह एक प्रभाव, तो अब हमारे देश में साफ दिखता ही है कि मानसून के दिन जब न भी हों, तो अतिवृष्टियां होती हैं और हमारे महानगर पानी-पानी हो जाते हैं। पानी न बाहर बहता है, न जमीन में समाता है। सड़कों पर परिवहन ठप हो जाता है। स्कूल बंद करने पड़ते हैं। कार्यालयों की उपस्थितियों पर भी असर पड़ता है।

अक्तूबर, 2020 में पूरे भारत में ही बहुत ज्यादा बारिश हुई थी। तब हैदराबाद में अक्तूबर की बरसातों का 100 सालों का रिकॉर्ड टूट गया था। हफ्तों तक हजारों घर बाढ़ के बाद भी डूबे रहे थे। दिल्ली में भी अक्तूबर, 2022 की भारी बरसात ने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ा था। नवंबर, 2022 में दूसरे सप्ताह तूफान जनित बारिश से उपजी बाढ़ की स्थितियों से चेन्नई व आसपास के जिलों के शहरी क्षेत्रों का जूझना लंबे समय तक जारी रहा था। इसी बीच, यदि जल-भराव हो जाए, तो ऐसे शहरी या ग्रामीण इलाकों में बाद की हल्की बरसातों में भी जल का भीतर रिसना बंद या धीमा हो जाता है।

मानसूनी बरसातों में ऊंचे हुए स्थानीय वाटर टेबल की स्थितियों में जब लगभग तत्काल बाद ही मान लें कि नवंबर में यदि आकस्मिक चक्रवाती तूफानों आदि के कारण अतिवृष्टि हो जाए, तो भी जल-जमाव होने से पानी का जमीन के भीतर जाना ठहर जाएगा। ऐसे में जब भारी आर्थिक लागत के कारण स्थानीय नगर निकाय यदि नए जोड़े गए गांवों आदि के बढ़ते शहरी विस्तारों में न नई निकासी प्रणाली बना पाएं और न ही पुरानी प्रणाली को ठीक कर पाएं, तो अपर्याप्त जल निकासी क्षमता के कारण ज्यादा बारिश होने पर भी जल-जमाव होने लगता है।

महानगरों में पुरानी जर्जर जल निकासी प्रणाली नाकाम साबित हो रही है, इसलिए बारिश का पानी संचित करने वाले नए मॉडल की जरूरत है।

ऐसे समय जब देश के अधिकांश महानगरों में जल निकासी प्रणाली अक्षम साबित हो रही है, इन्हें %स्पंज सिटी% बनाए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। स्पंज सिटी बाढ़ प्रबंधन, पारिस्थितिक बुनियादी ढांचे और जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक नया शहरी निर्माण मॉडल है। इसमें पुरानी जर्जर जल निकासी प्रणाली पर और अधिक भार डालने के बजाय अतिरिक्त रूप से धारणीय निकासी प्रणाली की स्थापना में जोर होता है। यों भी शहरीकरण से बाढ़ का जोखिम तीन गुना बढ़ जाता है।

भारी बारिश में पुरानी जल निकासी प्रणाली की नाकामी के बाद सबसे पहले चीन में वर्ष 2000 में स्पंज सिटी का सिद्धांत प्रतिपादित हुआ। तब चीन के आधे से ज्यादा शहर पानी की कमी से भी जूझ रहे थे। शहरों में बाढ़ प्रबंधन योजनाएं भी अस्तित्व में नहीं थीं। चीन चाहता है कि उसके महानगर अपने-अपने यहां होने वाली बारिश के 70 फीसदी पानी का उपयोग करें। इसी क्रम में उसने 2014 से स्पंज सिटी को अपने शहरी नियोजन का हिस्सा बना दिया।

स्पंज सिटी में पेड़, पार्क, झील, तालाब, वेटलैंड्स, रेन गार्डंस, ग्रीन रूफ पार्क आधारित अतिवृष्टि प्रबंधन पर जोर रहता है। स्पंज सिटी वास्तव में अपने पानी को बाहर छोड़ने के बजाय, अपनी सीमाओं के भीतर उपयोग के लिए संभाल कर रखती है। भूजल शहरी भारत में 50 प्रतिशत जल आपूर्ति में काम आता है। ऐसे में बरसात का पानी बेकार जाना अक्षम्य-सा है। स्पंज सिटी का मतलब यह भी है कि जैसे स्पंज से सोखा हुआ पानी बाद में उससे निकाला जा सकता है, वैसे ही स्पंज सिटी में बारिश के अवशोषित पानी का बाद में खेती व घरेलू काम में उपयोग हो सकता है।

वीरेंद्र कुमार पैन्यूली

मिला जुला

एक नजर

पहलवानों को मिला तीसरे बीजेपी सांसद का साथ, मेनका गांधी बोलीं- उन्हें न्याय मिलेगा

नई दिल्ली. डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को एक और भारतीय जनता पार्टी सांसद का साथ मिलता नजर आ रहा है। मेनका गांधी ने पहलवानों को न्याय मिलने का भरोसा जताया है। इससे पहले महाराष्ट्र से लोकसभा सांसद प्रीतम मुंडे ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन की बात कही थी। हरियाणा से सांसद ब्रजेंद्र सिंह ने सहानुभूति जताई थी और विरोध प्रदर्शन को दुखद बताया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मेनका गांधी ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि अंत में उन्हें न्याय मिल जाएगा।' खास बात है कि उनके बेटे और सांसद वरुण गांधी हाल के समय में भाजपा सरकार की कई नीतियों पर जमकर सवाल उठाते नजर आए हैं। वरुण और समाजवादी पार्टी के करीब आने की अटकलें भी थीं। मुंडे ने कहा, 'यह कोई भी सरकार या कोई भी पार्टी हो सकती है। मेरा मानना है कि इस स्तर के आंदोलन को अगर अनदेखा किया जा रहा है, तो यह सही नहीं है।

देशद्रोह के लिए बढ़े सजा, आतंरिक सुरक्षा के लिए ये कानून जरूरी- विधि आयोग

नई दिल्ली. राजद्रोह कानून को रद्द करने की जरूरत नहीं है. ये सिफारिश राजद्रोह कानून को लेकर भारतीय विधि आयोग ने की है. आयोग ने कुछ संशोधन के साथ राजद्रोह कानून को बनाए रखने की सिफारिश की है. इससे जुड़ी एक रिपोर्ट कानून मंत्रालय को भेजी गई है. भारतीय विधि आयोग का कहना है कि भारतीय दंड संहिता के राजद्रोह अपराध (धारा 124ए) को कुछ संशोधनों के साथ बरकरार रखा जाना चाहिए. आयोग ने अधिक स्पष्टता लाने के लिए कानून ममें संशोधन की सिफारिश की है.

विधि आयोग ने कहा है कि उसका सुविचारित मत है कि भारतीय दंड संहिता में धारा ḍ24ए को बनाए रखने की आवश्यकता है. हालांकि, केदार नाथ सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तथ्यों को शामिल कर कुछ संशोधन किए जा सकते हैं, ताकि प्रावधान के उपयोग के संबंध में अधिक स्पष्टता लाई जा सके. एक मई को राजद्रोह कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा था कि सरकार ने राजद्रोह के प्रावधानों का परीक्षण शुरू किया है.

राजद्रोह अपराध पर विधि आयोग का प्रस्ताव

देशद्रोह के अपराध (आईपीसी की धारा 124ए) के लिए सजा बढ़ाई जाए.

आयोग ने सिफारिश की है कि राजद्रोह को न्यूनतम 3 साल से 7 साल तक की जेल के साथ दंडनीय बनाया जाए.

भारत के विधि आयोग ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए राजद्रोह कानून आवश्यक है.

भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा मौजूद है.

नागरिकों की स्वतंत्रता तभी सुनिश्चित की जा सकती है, जब राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए.

भारत के खिलाफ कट्टरता फैलाने और सरकार को नफरत की स्थिति में लाने में सोशल मीडिया की काफी भूमिका है.

अक्सर विदेशी शक्तियों की मदद और सुविधा पर होता है, इसके लिए और भी जरूरी है कि धारा 124ए लागू हो.

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को लिखे अपने कवरिंग लेटर में 22वें लॉ कमीशन के अध्यक्ष जस्टिस रितु राज अवस्थी (सेवानिवृत्त) ने कुछ सुझाव भी दिए हैं.

इसमें कहा गया कि आईपीसी की धारा 124ए जैसे प्रावधान की अनुपस्थिति में, सरकार के खिलाफ हिंसा भड़काने वाली किसी भी अभिव्यक्ति पर निश्चित रूप से विशेष कानूनों और आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाए, जिसमें अभियुक्तों से निपटने के लिए कहीं अधिक कड़े प्रावधान हों.

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आईपीसी की धारा 124ए को केवल इस आधार पर निरस्त करना कि कुछ देशों ने ऐसा किया है, ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसा करना भारत में मौजूद जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेने की तरह होगा.

रिपोर्ट में बताया गया कि इसे निरस्त करने से देश की अखंड़ता और सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है. अक्सर ये कहा जाता है कि राजद्रोह का अपराध एक औपनिवेशिक विरासत है जो उस युग (अंग्रेजों के जमाने) पर आधारित है जिसमें इसे अधिनियमित किया गया था.

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दूसरे दिन रामायण की विविधरंगी प्रस्तुतियां

रायपुर. राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड से आए कलाकार दल की प्रस्तुति के साथ हुई। झारखंड के कलाकारों द्वारा अरण्यकांड पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सीता हरण प्रसंग और राम द्वारा शबरी के झूठे बेर खाने के प्रसंग का हो रहा है मनमोहक प्रस्तुतिकरण।

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत एवं स्कूल मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम का मंच पर किया गया स्वागत

रायपुर. संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत एवं स्कूल मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोकगायक दिलीप षडंगी ने अपनी टीम के साथ हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की थाप के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अमरजीत भगत ने महोत्सव में उपस्थित दर्शकों को सम्बोधित करते हुए स्वयं स्वागत लोकगीत गाया। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत एवं स्कूल मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम का मंच पर पहुंचने पर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से आए कलाकार दल ने अरण्यकांड पर जीवंत प्रस्तुति दी

रायपुर. पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से आए कलाकार दल ने अरण्यकांड पर जीवंत प्रस्तुति दी। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने उस दृश्य को दर्शकों के समक्ष जीवंत कर दिया जब दंडकारण्य में राम ने शबरी के जूठे बेर खाए थे।

राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को बताया सेक्युलर पार्टी, बीजेपी बोली- यह कहना उनके लिए मजबूरी

वॉशिंगटन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं. यहां वे अलग अलग कार्यक्रमों में जाकर बीजेपी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार पर जमकर हमलावर हैं. अब राहुल ने मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष पार्टी बताया है. इसे लेकर बीजेपी ने राहुल पर पलटवार किया है. बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि जो मुस्लिम लीग पार्टी देश के बंटवारे

के लिए जिम्मेदार है, वह राहुल गांधी के मुताबिक सेक्युलर पार्टी है. मालवीय ने कहा कि वायनाड में स्वीकार्यता बनाए रखने के लिए यह उनकी मजबूरी है. आज राहुल गांधी वाशिंगटन डीसी में नेशनल प्रेस क्लब पहुंचे थे. यहां उनसे सवाल जवाब किए गए. इस दौरान जब राहुल से केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (ḍस्ऱ्) के साथ कांग्रेस के गठबंधन के बारे में सवाल किया गया, तो राहुल ने कहा, मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है. इसमें कुछ भी नॉन सेक्युलर नहीं है.

'मैं बीजेपी से हूं लेकिन बीजेपी मेरी पार्टी नहीं', जानें क्यों बोलीं महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे

मुंबई. महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे ने गुरुवार को कहा कि वह बीजेपी की हैं लेकिन पार्टी उनकी नहीं है. दरअसल, बीजेपी के दिवंगत वरिष्ठ नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा 2019 के विधानसभा चुनावों में हार के बाद से राजनीति से दूर नजर आ रही हैं. 2014 से 2019 के बीच देवेंद्र फडणवीस सरकार में वह कैबिनेट मंत्री थीं. पिछले राज्य चुनावों में पंकजा अपने चचेरे भाई और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता धनंजय मुंडे से अपनी सीट परली में हार गई थीं. एक कार्यक्रम में बोलते हुए पंकजा मुंडे ने कहा कि बीजेपी एक बड़ी पार्टी है और वह मेरी नहीं है.

हम हैरान रह गए; नई संसद में अखंड भारत का नक्शा देखकर डर गया पाकिस्तान!

नई दिल्ली. भारत की नई बनी संसद में अखंड भारत की तस्वीर लगी है, जिसमें पेशावर से लेकर तक्षशिला तक का जिक्र है। यही नहीं नक्शे में इन शहरों के प्राचीन नाम ही दर्शाए गए हैं, जैसे पेशावर को पुरुषपुर कहा गया है। अखंड भारत के इस नक्शे को लेकर नेपाल ने पिछले दिनों आपत्ति जताई थी और लुंबिनी का जिक्र होने पर पूर्व पीएम भट्टाराई ने सवाल उठाया था। वहीं अब पाकिस्तान इस नक्शे से घबराहट में दिख रहा है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने नक्शे को लेकर चिंता जताई है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम हैरान हैं, जिस तरह से भारत में अखंड भारत की चर्चाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कथित तौर पर प्राचीन भारत का नक्शा लगाना और उसकी चर्चा करना हैरान करने वाला है।

कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन की समीक्षा

भारत सरकार ने 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का है लक्ष्य

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का आन्तरिक मूल्यांकन के लिए प्रांतीय दल का आगमन जिले में हुआ। जिसके तहत यह दल जिले के विभिन्न विकासखण्डों का दौरा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, टीबी के रोगी, डॉट्स प्रोवाइडर तथा जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर के साथ मीटिंग

मूल्यांकन टीम द्वारा फ्ल्ड से मिले सकारात्मक और सुधारात्मक तथ्यो का संख्यात्मक और गुणात्मक बिन्दुओं को जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम के द्वारा कुछ सुझाव भी दिया गया जैसे ग्राम सभा के मूल एजेंडा में क्षय रोग को शामिल करना ब्लॉक स्तर टीबी फोरम का गठन कर माह में एक बार एसडीएम द्वारा समीक्षा करना, विभाग के आंतरिक बैठकों में क्षय रोग पर विशेष फोकस करना।

टीबी मुक्त भारत वर्ष 2025

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की भारत सरकार द्वारा 2025 तक भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभागीय सक्रियता और विभिन्न विभागों का समन्वय अति आवश्यक है। जहां भी आवश्यकता हो जिला प्रशासन भरपूर सहयोग करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने कहा की टीबी मुक्त ग्राम पंचायत से टीबी मुक्त भारत बनेगा इसलिए हम सभी को निचले स्तर से रणनीति बना कर कार्य करना चाहिए। टीम के द्वारा रेखांकित की गई जिले की कमियों को हम लोग एक सप्ताह के अन्दर दुर कर लेंगे। इससे पूर्व जिले में 31 मई से 02 जून तक आंतरिक मूल्यांकन का कार्य किया गया

जिसमें 12 सदस्यीय चिकित्सकों एवं सलाहकारो के दल द्वारा जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। 12 सदस्यीय दल के द्वारा चार भागों में बंट कर समस्त विकास खंडों का निरीक्षण कर क्षय उन्मूलन के तहत वर्ष 2022–2023 में किये गये कार्यों का अवलोकन किया गया। साथ ही भ्रमण के दौरान पाये गये कमियों और उपलब्धियों को स्थानीय कर्मचारी अधिकारियों को अवगत कराया गया। राज्य स्तरीय टीम में डीटीओ रायगढ, डॉ. जयकुमारी चौधरी,आईआरएल से रायपुर से डॉ. सचिन चन्द्राकर, डब्लूएचओ कंसल्टेन्ट डॉ. मनीस मसीह,सत्यंजय ठाकुर, डॉ.अच्युतानंद, फैजल रजा खान,सूरेश गुप्ता, राजकमल पटेल, राजेश विश्वकर्मा, एवं प्रदीप तिवारी मौजुद रहे। डॉ.मनीस मसीह ने कहा की जिले में ऐसी कई कमियां नहीं है। जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। बार–बार समीक्षा और विशलेषण करनेकी आवश्यकता है। फैजल रजा खान ने सिविल सोसायटी की भागेदारी बढ़ाने की बात कही। डॉ.सचिन चन्द्राकर ने ओपीडी की भागेदारी बढ़ाने की बात पर बल दिया। बैठक में पिरामल फ उंडेशन, फ इंड एनजीओ, जिला सूरजपुर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी द्वारा राज्य स्तरीय टीम का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन संजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में एनटीईपी स्टॉफ डॉ. वी अस्मिता राव मेडिकल ऑफिसर जनेश्वर सिंह, उमेश गुप्ता, सुभाष यादव नितिश दुबे नगीना खरे एवं समस्त एसटीएस का विशेष योगदान था।

समाचार सार

विश्व पर्यावरण दिवस

हमारी पृथ्वी, हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधा लगाने जनसामान्य से अपील

प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग कम करने स्वास्थ्य अधिकारी ने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। विश्व पर्यावरण दिवस जिसका थीम बीट प्लास्टिक पाल्यूशन है के अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर द्वारा हमारी पृथ्वी, हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान के तहत लोगों से अपील की है कि प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग कम करें। गर्म भोजन के लिए पालीथीन/प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल न करें। बाजार जाने पर सामान लाने हेतु कपड़े का थैला लेकर जाए। कागज का इस्तेमाल सोच–समझकर करें। पानी व्यर्थ न बहायें, भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग लगवाये। गीला कचरा को खाद बनाकर इस्तेमाल करें। अनावश्यक बिजली की खपत को कम करने के लिए स्विच ऑफ नीति अपनाये प्राकृतिक बिजली और वायु संचार का अधिकतम उपयोग करें। अधिक से अधिक पौधा लगाये और वृक्ष की देखभाल करें एवं उसे काटे नहीं।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 9 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में मुख्यमंत्री कौशल योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक, डीसीएम कोर्स में एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत फॉर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन, असिस्टेंट मेन्युल मेटल आर वेल्डिंग के साथ–साथ महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ के अंतर्गत केवल महिला आवेदक के लिए सेल्फ एम्पलाई टेलर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। सभी कोर्स हेतु 8 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन प्रमाण–पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ 9 जून 2023 शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते है। यह प्रशिक्षण रायगढ़ जिले के अंतर्गत आवेदकों के लिए है।

आईटीआई रायगढ़ में प्रवेश हेतु 11 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में सत्र अगस्त 2023 में विभिन्न व्यवसाय जैसे विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, मशीनिष्ट, वायरमेन, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, शीट मेटल, वेल्डर, मोल्डर, कारपेन्टर, सेक्रेटियल प्रेक्टिस, फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन, आरएसी ड्रायवर कम मैकेनिक, कोपा में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी संचालनालय के वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.in में जाकर प्रवेश हेतु अपना ऑनलाईन आवेदन 11 जून तक अपलोड कर सकते है। प्रवेश संबंधी अन्य जानकारी इसी लिंक के एडमिशन गाईड लाईन्स 2023 पर उपलब्ध है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

रेरा प्रमाणित एक प्रोजेक्ट नहीं और कालोनाइजर्स का आलीशान आफिस

चांपा। नगर में एक ऐसा भी है जिसके पास रेरा प्रमाणित एक भी प्रोजेक्ट नहीं है और इस कॉलोनाइजर्स ने बीच शहर पोर्स एरिया में शानदार आलीशान ऑफीस खोल रखा है जहां बकायदा एलईडी बड़े बड़े श्री डी लेटर्स में कालोनाइजर का नाम लिखा हुवा है। इनका क्या बैक ग्राउंड है सभी जानते है की उसने प्रारंभिक पूंजी किस काम से कमाई है। इस क्लोनाइजर्स ने राज्य शासन की महत्त्वाकांक्षी नरवा

घुरवा योजना को ठेंगा दिखाते हुए नाला को पटवा कर अपनी अवैध प्लाटिंग कर सड़क बनवाने की तैयारी में है । जानकर बताते है कि इस काम में चांपा तहसील के आर आई की भूमिका भी संदिग्ध है। क्यूं की इस नाले के संबंध में उनके द्वारा दी गई रिपोर्ट उचित नहीं है। सूत्रों की माने तो इस मामले में अवैध प्लाटिंग करने वाले ने सम्बन्धित लोगों की जेब भरने में कोई कोताही नहीं की है। बहरहाल चांपा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग थमने का नाम ही नहीं ले रही है। अवैध प्लाटिंग करने वाले इतने होशियार हैं कि वह अपना नाम सही दस्तावेजों में फंसाते ही नहीं किसानों की जमीन को टुकड़ों टुकड़ों में सीधे ग्राहक को बेच कर निकल जाते हैं।

इस तरह वे स्वयं को प्रशासन की नजरों में आने से बचा तो लेते हैं लेकिन हर कोई जानता है कि अवैध प्लाटिंग कौन कर रहा है।

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 140 शिक्षित युवाओं को सहायक शिक्षक के पद पर मिली नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जशपुर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल की उपस्थिति में जिले के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं में कुल 140 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं का काऊंसलिंग के माध्यम से पदांकन किया गया है। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को बधाई दी तथा बेहतर टीचिंग कार्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा समाज के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं को उनकी पात्रतानुसार

शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं में काउंसलिंग के माध्यम से किया गया पदांकन

तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत् शिक्षा विभाग द्वारा कुल 142 विशेष पिछड़ी जनजातियों के शिक्षित चयनित युवाओं को छग शासन के नियमानुसार 03 तीन, वर्ष की परिवीक्षा अवधि में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश जारी किया गया था।

ओपी चौधरी से प्रभावित होकर उनके जन्मदिन पर सुजीत लहरे के अगवाई में लोमेश पटेल के साथ 25 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

युवाओं की आइकॉन ओपी चौधरी एवं जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के समक्ष सुजीत लहरे के अगवाई में लोमेश पटेल के साथ 25 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर ओपी चौधरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल जी के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया है। लोमेश पटेल कोतासुरा पुसौर का निवासी है। जो की पूर्व में युवा संकल्प संगठन से जुड़कर सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते आये हैं तथा पूर्व में सरपंच प्रतिनिधि रह चुके हैं। लोमेश पटेल अपना गांव के युवाओं में हमेशा से लोकप्रिय रहे हैं वहा के युवाओं में अच्छा पकड़ है जिससे पार्टी को आगे

चल कर लाभ होगा लोमेश व उनके साथियों को ओपी चौधरी द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान करते हुए व अपने हाथों से केक खिलाकर भाजपा प्रवेश कराया गया है।

आज के इस कार्यक्रम में लोमेश पटेल के नेतृत्व में खुशीराम यादव एनिलम्बर सतनामी, प्रहलाद रजक, दिनेश मालाकार, अमृत यादव, दुर्योधन यादव, निरंजन बरेठ, हेमसंकर सिदार, दुस्यंत बरेठ, धनजीत सतनामी, भोजकुमार श्रीवास, मिलन सिदार, गुलशन मालाकार, कैलाश वैष्णव, संदीप यादव, लोकस्वर वैसनव, सचिदानंद सिदार, वेद प्रकाश मालाकार, दिनेश ओगरे, महेश सारथी, पदमन सतनामी मनीष बरेठ, भूपेंद्र यादव, हेतकुमार चौहान झसकेटन यादव, कुमार पटेल, नरोतम सिदार सहित 25 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया है।

सूने मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर व एक खरीददार गिरफ्तार, 6 मामलों का खुलासा

भिलाई। दुर्ग जिले के थाना अमलेश्वर क्षेत्र में घूम–घूमकर सूने मकानों को निशाना बनाने वाले दो शातिर चोरों व एक खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने मिलकर आसपास 6 चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया। स्कूटी से घूम–घूम कर पहले रेकी करते और उसके बाद रात को वारदात को अंजाम देते थे। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सीसी टीवी फुटेज की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास सोने एवं चांदी के जेवरात, 1 नग लैपटाप सहित घटना में प्रयुक्त वाहन आदि कुल 11 लाख का मशरुका बरामद किया गया। इस मामले में शुक्रवार को एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ली।

बीते कुछ दिनों में अमलेश्वर क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। इस मामले में शिकायतों के बाद पुलिस ने चोरों पर निगरानी शुरू की। इस दौरान आसपास के सीसी टीवी फुटेज जांचे गए। इस दौरान एक चोरी की घटना के बाद एक्टीवा स्कूटी में पचपेड़ी नाका होते हुये माना रायपुर की ओर संदिग्ध जाते दिखाई दिए।

राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का हुआ बैठक

युवा शक्ति समाज में बदलाव लाएगी सि य होकर लोगों को जागरूक करें योजनाओं का लाभ दिलाए-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित राजीव युवा मितान क्लब सदस्यों के बैठक में शामिल हुए। उन्होंने मितान क्लब के सदस्यों को शासन की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में बदलाव ला सकती है लोगों को जागरूक करें, योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाएं। जिस उद्देश्य से क्लब के सदस्य हैं बेहतर कार्य करें। गांव का विकास व जन जागरूकता में अपनी भागीदारी निभाएं। क्लब के सदस्यों का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना है। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा क्लब के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर

कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा मितान क्लब के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

सम्मानित किया।बैठक में रोजगार अधिकारी सुश्री दुर्गेश्वरी सिंहए सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं युवा मितान क्लब के सदस्य शामिल हुए। विभाग के अधिकारियों ने जैसे वन, कृषि,खाद्य, महिला बाल विकास,पंचायत एवम् लाइवलीहुड में संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने हेतु सदस्यों से आग्रह किया गया। कलेक्टर ने कुपोषण से मुक्त करने के लिए गांव में गतिविधियां संचालित करने, खेल गतिविधियां, राशन, आयुष्मान कार्ड, आधार लिंक जैसे अन्य प्राथमिकता के कार्यों को आम जनों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने स्कूल, छात्रावास,आश्रम, आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजना की ली समीक्षा बैठक

बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना की समीक्षा बैठक लेकर बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बाल विवाह नियंत्रण के संबंध में जानकारी ली तथा बाल विवाह नियंत्रण में प्रगति लाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन वात्सल्य योजना में रिक्त पदों की भर्ती हेतु कहा गया। इस अवसर पर मिशन वात्सल्य, नवा बिहान और सखी वन स्टॉप सेन्टर के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने कलेक्टर को एजेण्डावार जानकारी देते हुए बाल

संस्थाओं में संरक्षित बच्चों को नये सत्र में स्कूल दाखिला कराने के लिए कहा

संरक्षण योजना के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में अधिक समय से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने संस्थाओं में संरक्षित बच्चों को नये सत्र 2023–24 में स्कूल दाखिला कराने के लिए कहा। साथ ही अशासकीय संस्थाओं में संरक्षित बच्चों को कौशल विकास के तहत् प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल देखरेख संस्थाओं में आवश्यक व्यवस्था हेतु शासन के मापदण्ड अनुसार भोजन, नाश्ता, संस्थाओं का साफ–सफाई, बच्चों का सुरक्षा, स्वास्थ्य जांच एवं संस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करने की बात कही। जिले में बाल विवाह रोकथाम प्रकरणों की संख्या से असंतुष्टि जाहिर करते हुएए बाल विवाह रोकथाम के क्षेत्र में और अधिक कार्य करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप, फ स्टर केयर, आफ्टर केयर, मुख्यमंत्री बाल उदय योजना, दत्तक ग्रहण योजना, संस्थागत योजना से लाभान्वित एवं बाल विवाह, लैंगिक शोषण, मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, का विस्तृत प्रचार–प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया और महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित नवा बिहान योजना के तहत घरेलू हिंसा के लंबित प्रकरण को न्यायालय से समन्वय कर संरक्षण अधिकारी को शीघ्र निराकृत करने के लिए कहा है। इस दौरान सखी वन स्टॉप योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई। केन्द्र समन्वयक सुश्री जिम्मेरानी चौहान सखी वन स्टॉप योजना की विस्तार से जानकारी दी।

तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आया युवक,2 मीटर तक घसीटा बाल–बाल बचा बाईक सवार

घायल कृष्णा बैरागी ने कहा

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

रायगढ़ कि सड़के बड़ी वाहनों के आवागमन का जखीरा बन चुका जिसकी कीमत आम राहगीरों जान जोखिम में डाल कर चुकानी पड़ रही छोटे वाहन चालकों को मुसीबत कि आन पड़ने को आ गई नौबत सी आ गई।

ग्राम कुंजेमुरा के हुकराडीपा चौक पर आज कड़कती धूप में तकरीबन 11 बजे युवक बाल बाल बचा । घटना उस वक्त कि है जब वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 2830 हाईवा चालक शिवनंदन पैंकरा निवासी कांसाबेल जो हमीरपुर से डामर लोड कर खाली कर वापस आ रहा था स्पीड लिमिट इतना था कि मोटर साइकिल वाहन सीटी 100 क्रमांक सीजी 13 यूएच 9673 पर सवार युवक कृष्णा बैरागी को चपेट में ले लिया। जिससे बाइक को करीब 2 मीटर तक घसीटा। पर वो कहते

जाको राखे साइयां, मार सके न कोय

कुछ ठीक इसी प्रकार से हुआ बाइक सवार युवक कृष्णा बैरागी को हल्की सी चोटे आई पर अकस्मात कहीं न कहीं बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। हाईवा वाहन के टक्कर से बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कृष्णा बैरागी ग्राम मोहलाई का रहने वाला है । जो अपने काम से बाहर निकला हुआ था। तभी हुकराडीपा चौक के पास स्पीड से आती हाइवा का शिकार हो गया जिसमें बाईक सवार बाल बाल बचा।

सड़को पर तेजी से दौड़ते वाहन बेखौफ दौड़ा रहे वा यातायात के नियमों का उलंघन, बिना नंबर प्लेट के चला रहे गाड़ी, आज ये हादसा कहीं मेरे जान ही ले सकती थी ऐसा हादसा होना अब बदस्तूर हो गया है आज मेरे साथ घटना हुआ कल किसी और के साथ भी हो सकता है पर इन पर कार्यवाही शून्य नजर आती है।

**** हाईवा चालक शिवनंदन पैंकरा से पूछे जाने पर कहा गया कि वाहन सुनील कुमार अग्रवाल कंट्रक्शन का है जो रोड मरम्मत, निर्माण कार्य पे चलित है। जोकि हमीरपुर से डामर खाली कर वापस प्लांट आने के दौरान हुकराडीपा चौक के पास घटना होना बताया।***

ए.ई. द्वारा प्रस्तुत आवेदन में ठेकेदार के साफ बच निकलने की खुशबू

अवैध बिजली खम्भा गाड़ने व अवैध लाईन खिंचने मामले में क्या ? ठेकेदार को बचाने चल रही साजिश

जोहार छत्तीसगढ़–पत्थलगांव।

पत्थलगांव के तीन ग्राम में पूंजीपतियों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने विद्युत विभाग के द्वारा बिना टेण्डर किये बिना कोई आदेश के दो जगह चार–चार पोल अवैध रूप से गाड़ने तथा एक ग्राम में एक निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर के लिये चार पोल गाड़कर बकायदा तार खिंचकर अवैध विद्युत लाईन दिये जाने केमामले का खुलासा होने के बाद जहा विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौका निरीक्षण कर अवैध पाये जाने पर विद्युत विभाग के ए.ई. पैंकरा को अवैध पोल शिफ्टिंग एवं अवैध पोल गाड़कर अवैध रूप से बिजली लाईन पहुंचाने के मामले में पुलिस थाना में एफ आई आर कराने निर्देशित किया गया जिस निर्देष पर विभाग के ए.ई आज तीन दिनों से थाना का चक्कर काट रहे है एफ आईआर कराने किन्तु अभी तक एफ आईआर नहीं हो पाया है। एफ आईआर नहीं होने के मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि विभाग द्वारा दिया गया आवेदन स्पष्ट नहीं है और ना ही आवेदन के साथ कोई पंचनामा या जप्ती नामा नहीं है तो एफ आईआर किस आधार पर करेंगे। वही विद्युत विभाग के उक्त अधिकारी का कहना है कि हमने पत्थलगांव पुलिस को आवेदन दिया है कि विद्युत विभाग के बिना आदेश के अज्ञात व्यक्ति द्वारा दो जगह चार–चार पोल जिसमे एक जगह बिजली कनेक्शन देने हेतु तथा एक जगह निजी भूमि में पूर्व से गड़े खम्भे को हटाये जाने के उद्देश्य से चार नये पोल गाड़े गये है जिसमे गुपचुप तरीके से तार खिंचकर पुराने खम्भे को हटाए जाने का मंशा रहा होगा जिससे नियमत: विभाग की प्रक्रिया से बचने का मन:स्थिति प्रतीत होता है जो पूर्णत: अवैध है और किसी को कानो कान खबर नहीं होगी। जिससे इस शिफ्टिंग में आने वाले मोटी रकम का बन्दर बाट किया जा सके, बताया जा रहा है कि इस कार्य के लिये विद्युत विभाग में कोई आवेदन नहीं लगा है। इसी प्रकार पलीडीह ग्राम में एक निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर के लिए बाकायदा चार पोल गाड़कर इसमें तार खिंचकर अवैध रूप से बिजली कनेक्शन चालू कर

बिजली चोरी किया गया है उक्त तीनों कार्य बिना किसी जानकार और बिना ठेकेदार के नही किया जा सकता। क्योकि बिजली का खम्भा तथा तार या तो विभाग के पास मिलेगा या किसी विद्युत ठेकेदार के पास। पुलिस द्वारा पंचनामा और जप्ती नामा मांगे जाने पर कहा जा रहा है कि यदि विभाग द्वारा जप्ती किया जाता है तो उन अवैध खम्भा एवं तार को उखाड़ना होगा और यदि विद्युत विभाग उन अवैध खम्भा व तार को उखाड़ती है तो पुलिस के मौका विवेचना में मौके पर कुछ नही मिलेगा जिस कारण विभाग चाहती है कि पुलिस स्वयं मौके पर पहुचकर विभाग एवं ग्रामवासियों के समक्ष जपतिनामा बनाये जिसके लिये विभाग पूर्ण सहयोग करने को तैयार है अन्यथा केश कमजोर हो सकता जिससे अवैध कारोबारी बच सकता है।

नगर में तरह तरह के उठ रहे सवाल

अवैध खम्भा गाड़ने एवं बिजली लाईन देने के मामले में नगर में चल रहे चर्चा अनुसार कानून के जानकार लोगो का मानना है कि जब स्वयं विद्युत विभाग एफआईआर दर्ज करा रही है तब पुलिस विभाग का प्रथम कर्तब्य बनता है कि विभाग के आवेदन पर विद्युत चोरी अधिनियम की धारा 135 एवं आईपीसी की धारा 419 के तहत पुलिस को तत्काल अपराध दर्ज कर मामले की जांच विवेचना कर जपतिनामा की कार्यवाही करनी चाहिये। वही कुछ लोगों का कहना है कि किसी भी नये खम्भे में विद्युत प्रवाहित करना होता है तब कुछ समय के लिये समन्धित लाईन क्षेत्र का विद्युत सप्लाई को बंद किया जाता है जिसके लिये अधिकारी परमिट जारी करते हैं और लाईन जोड़ने के लिये विद्युत विभाग का लाईन मेन जाता है जिसका आदेश भी अधिकारी जारी करता है तो क्या कोल्ड स्टोर के लिये अवैध ही सही पर क्या लाईन काटने जोड़ने किसने परमिट जारी किया। वही पता चला है कि विद्युत विभाग के ए.ई. के द्वारा कहा गया है कि उक्त तार वाले चार खम्भे में वर्तमान में लाईन चालू नही है जिस पर लोगों का कहना है कि मानते हैं कि तीन दिनों से मामला चल रहा है तो जाहिर है बचने के लिये लाईन विच्छेद कर दिया गया होगा। किन्तु यहा यह सवाल उठता है कि जिस दिन वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जांच करने गये थे उक्त समय लाईन चालू था या नहीं, यदि लाईन चालू नहीं था। उक्त निर्माणाधीन कोल्ड स्टोर में बिजली से सम्बंधित कार्य कहा कि बिजली से हुई है यह सब पुलिसिया जांच का विषय है। जिस प्रकार विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के मध्य यह खेल चल रहा है। जिसे देख सुन लोगों में चर्चा है कि विभाग का ए.ई विधिवत कार्यवाही कराना नही चाहता होगा और पुलिस कार्रवाही करना नहीं चाहती होगी। लोगों में तो यहा तक चर्चा चल रही है कि पुलिस विभाग के किसी अधिकारी ने यह कहा है कि न्यायालय नालिस काट कर दे दो विभाग न्यायालय की शरण में जाये इस पर क्या सच्चाई है यह तो हम नही जानते पर इस प्रकार की भी चर्चा है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के रिक्तियों पर दावा आपत्ति 6 जून तक

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम,उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति, संविदा भर्ती हेतु जारी विज्ञापन किया गया था। जिसके द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक 3713 एसएजीईएस प्रतिनियुक्ति संविदा 08 मई 2023 के माध्यम से जिले में स्वीकृत नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, विद्यालय बसदेई, चेन्द्रा एवं रामानुजनगर तथा पूर्व से संचालित विद्यालय बिहारपुर में शेष रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति, संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था प्राप्त आवेदन पत्रों का जांच एवं सत्यापन उपरांत

अभ्यर्थियों की पात्र–अपात्र सूची प्रकाशित किया जा रहा है जिन किसी भी अभ्यर्थियों को कोई दावा, आपत्ति हो तो 06 जून 2023 तक कार्यालयीन समय प्रात: 10.30 से सायं 5.30 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, संयुक्त जिला कार्यालय जिला में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा.आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। जिले की बेबसाईट में प्रात्र, अपात्र सूची का अवलोकन कर सकते है।

विश्व दुग्ध दिवस पर केशवनगर गौठान में दुग्ध पशुपालकों का हुआ सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

1 जून विश्व दुग्ध दिवस पर केशवनगर गौठान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौठान समिति के सभापति बिहारी लाल कुलदीप, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.नरेन्द्र सिंह, डॉ. महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सालय विश्रामपुर, ग्राम पंचायत केशवनगर के सरपंच सोना सिंह एवं सचिव विजय देवांगन तथा ग्रामीण लोगों के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाए उपस्थित थी। डॉ. पाण्डेय द्वारा लोगों को दूध की पौष्टिकता के विषय में बताते हुए गौ पालन के लाभ एवं दुग्ध उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया गया।

उपसंचालक डॉ. नरेन्द्र सिंह ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के बारे में बताते हुए गौठान में समूहो को गाय पालन हेतु प्रेरित किया गया। उसके साथ ही विभाग की विभागीय योजनाओं बकरी पालन, कुक्कुट पालन,सूकर पालन इत्यादि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर गौठान समिति के सभापति बिहारी लाल कुलदीप द्वारा गौ पालन के महत्व के बारे में बताया गया एवं उन्नत पशुपालक सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने भी अपने.अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में उन्नत गौ पालक अमरेश सिंह एवं सुरेन्द्र गुप्ता का साल और श्रीफ ल से सम्मानित किया गया तत्पश्चात् कार्यक्रम में उपस्थित माताओं बहनों एवं ग्रामीणों को दुग्ध वितरण किया गया।

निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

2 अगस्त को एकीकृत मतदाता सूची का होगा प्रारंभिक प्रकाशन

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियो का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम के तहत 25 मई 2023 से 23 जून 2023 तक बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन या सर्वे कार्य किया जाना है। इसी क्रम में 24 जून 2023 से 24 जुलाई 2023 तक मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, मतदान केंद्रों का पुनर्गठन, मतदाता सूची या ईपिक के विसंगतियों को दूर करना, निर्वाचक नामावली में धुंधली खराब गुणवत्ता वाली फोटो के स्थान पर अच्छी गुणवत्ता वाली फ टो को प्रतिस्थापित किया जाना, अनुभाग या मतदान केंद्रों का पुनर्गठन एवं सीमाओं का आवश्यकतानुसार रीस्ट्रक्टिंग,

कंट्रोल टेबल का अद्यतनीकरण इस निर्धारित अवधि में किया जाएगा। 25 जुलाई से 31 जुलाई तक फार्मट एक से फॉर्मेट आठ की तैयारी व अर्हता तिथि के संदर्भ में पूरक एवं एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार किया जाएगा। एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को किया जाएगा।

इसी क्रम में प्रत्येक मतदान केन्द्र में 2 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने एवं संशोधन हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। शासकीय अवकाश 12, 13,19 एवं 20 अगस्त 2023 को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर 2023 तक कर लिया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। आयोग द्वारा फ टोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि के तैयारी के लिए जारी समय–सारणी अनुसार निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर

चेयरपर्सन ने किया वृद्ध जनों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

सेवा कार्यों में अग्रणीय ऑल इंडिया लीनेस क्लब सक्ती के अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन गोपी जायसवाल ने अपने प्रोजेक्ट वृद्ध जन सम्मान के तहत् सक्ती के संतोषी मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन कराया सभी वृद्धाओं का तिलक कर श्रीफ ल एवं उपहार देकर सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया कहा कि वृद्धों की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है इनसे हमें इनके जीवन काअनुभव सीखने को मिलता है इस अवसर पर सुषमा जायसवाल,अनीता सिहं,कुशलदर्शन,पुष्पा जायसवाल,जमुना जायसवाल,अल्का कंवर,ललिता साहु,रीता राज सिदार,मीरा देवागंन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सर्व कनौजिया श्रीवास समाज का समाजिक बैठक आज गतौरा में

जोहार छत्तीसगढ़–बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ परिषद परिक्षेत्र का चुनाव आज जिसमें समाज के सभी प्रमुख आगंतुक गण उपस्थित रहेंगे सभी के मध्य से चुनाव किया जाएगा। श्रीवास समाज परिचय सम्मेलन बिलासपुर संभाग का बैठक आज ग्राम का गतौरा में रखा गया है जिसमें आप समाज के सभी सामाजिक बंधु सादर आमंत्रित हैं यह जानकारी समाज के अध्यक्ष अवधेश नापित द्वारा दिया गया उपाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास सचिव अशोक श्रीवास कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर श्रीवास एवं समाज की सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे सभी की उपस्थिति में चुनाव संपन्न होगा और कार्यभार नवनिर्मित अध्यक्ष के लिये होगा।

महंगा पड़ा ऑनलाइन ऑर्डर, खाते से कट गए 50 हजार रुपये

जोहार छत्तीसगढ़–पालीडीही।

कांसाबेल में ऑनलाइन एप के माध्यम से खरीदारी करने के दौरान धोखाधड़ी हो गई। व्यवसायी के खाते से 50 हजार रुपये कट गए। व्यवसायी ने इसकी सूचना कांसाबेल पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली

जानकारी के मुताबिक कांसाबेल में कपड़ा व्यवसायी लक्ष्मण गर्ग ने पुलिस को बताया की उसकी बेटी तानी ने ऑनलाईन कुछ सामान ऑर्डर किया था। इस सामान की डिलीवरी के लिए मोबाईल नंबर 9424213506 में मोबाईल नंबर 7464022759 से काल आया की आपने जो समान मंगाया है उसके बारे में डिटेल पता और समान के बारे में जानकारी दिया और बोला कि 5 रूपये ट्रांसफर कीजिए तभी व एक्टीवेट होगा नहीं तो समान वापस चला जायेगा तो बोली कि डिलीवरी बाय आयेगा तो 5 रूपये दे दूंगी तो फिर बोला बिना ट्रांसफ र किये सिस्टम एक्टीवेट नहीं होगा समान डिलीवरी नहीं हो पायेगा पांच रुपये फीस अलग से देनी होगी। उक्त फीस देने के लिए एक लिंक दिया गया। जिस पर तानी ने खाता की पूरी जानकारी भर दी। लेकिन शाम को व्यवसायी के खाते से 49971रु पये कट गए। इसके बाद अहसास हुआ कि धोखाधड़ी हुई है। व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चाकू से हमला कर लूट करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थी दिनांक 29/05/2023 को दरम्यानि रात करीबन 12.00 बजे कोयला लोडिंग कराने के लिये ट्रेलर लेकर गेवरा खदान जा रहा था। पांच नंबर बेरियर के पास जाम लगा होने के कारण अपने ट्रेलर को लाईन में लगाकर उतरकर जाम देख रहा था तभी एक पल्सर मोटर सायकल में तीन लडके अचानक इसके पास आकर प्रार्थी से मोबाईल मांगकर किसी को फोन लगाना है बोले तब प्रार्थी मना किया तो तीनों प्रार्थी से मोबाईल और पर्स लूटने का प्रयास करने लगे प्रार्थी के विरोध करने पर तीन में से दो आरोपी अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी के पेट व दाहिने हाथ पर हमला कर दिये तथा तीसरा व्यक्ति प्रार्थी का बॉया हाथ को मोड दिया जिसे प्रार्थी का कंधा खिसक गया प्रार्थी जैसे तैसे उनसे अपने आप को छुडा कर बेरियर तरफ भागा और सीआईएसएफ वालो को बताया सीआईएसएफ वाले थाना को सूचना दिये सूचना पर थाना स्टाफ द्वारा प्रार्थी को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी दीपका में भर्ती कराया गया।

राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

राजनैतिक दलों की द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर प्रभारी तहसीलदार की अध्यक्षता में अनुविभागीय कार्यालय सूरजपुर के सभा कक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 01 अक्टुबर 2023 कार्यक्रम एवं आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के संबंध मे चर्चा की गई। बैठक मे बताया गया कि कि द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के तहत् 25 मई 2023 से 23 जून 2023 तक बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य

किया जावेगा। मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत 24 जून 2023 से 24 जुलाई 2023 तक मतदान केन्द्र भवन परिवर्तन, सीलि परिवर्तन एवं 1500 से अधिक मतदान मतदाता वाले मतदान केन्द्रो का विभाजन का कार्य किया जावेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 02 अगस्त 2023 को किया जावेगा। 02 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने मतदाता सूची मे नाम विलोपन कराने एवं नाम संशोधन हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया जावेगा। उक्त बैठक मे जिला पंचायत सदस्य बिहारी लाल कुलदीप, अजय अग्रवाल,गैबीनाथ साहू, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, दुहन राजवाड़े, सुपारी लाल राजवाड़े, राजेन्द्र साहु, उपस्थित रहे।

मंडप सजा, दूल्हा तैयार था, बिना दुल्हन के बेरंग लौटे बारात

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम लगातार बाल विवाह रुकवा रही है। वर्तमान प्रकरण में किसी ग्रामीण ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को मोबाइल पर सूचना दी की एक 12 वर्षीय बालिका का बाल विवाह प्रेमनगर के दुरुस्त ग्राम महेशपुर में सम्पन्न हो रहा है। मण्डप सज चुका है। बाल विवाह रुकवाया जाये। सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने सम्बंधित पर्यवेक्षक से सम्पर्क किया और बालिका और बालक के उम्र सत्यापन तत्काल करा कर भजें। उम्र सत्यापन पर पता चला

कि बालिका का उम्र 12 वर्ष 07 माह हुआ है और बालक 24 वर्षिय का है। प्राप्त जानकारी की सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने दी और अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देश दिये और सभी को समझाईस देने हेतु निर्देशित किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने संयुक्त टीम बनया और मौंके पर जाकर बालिका के साथ उनके परिजनों को समझाईस दिया गया और बताया गया कि इतनी छोटी बच्ची का विवाह नहीं होना चाहिए बच्ची अभी कक्षा सातवी पास करके 8 वीं क्लास में गई उसे अभी स्कूल में पढ़ाई कराया जाये और 18 वर्ष की हो तभी विवाह किया जाये। बालिका का कथन, पंचनामा, मामा, मां का कथन तैयार हुए। बालिका को बाल कल्याण समिति की काउंसलिंग करा कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। संयुक्त टीम बालक के यहां भी गया जहां बालक 24 वर्ष का था। उनके परिजन को भी समझाईस दिया गया कि बालिका बहुत छोटी है। यदि विवाह हुआ तो बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के तहत एक लाख रुपये जुर्माना और 2 वर्ष के कारावास के सजा हो सकता है। बाल विवाह रोकवाने में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख सुश्री प्रियंका सिंह, प्रभारी परियोजना अधिकारी माया राजवाड़े, थाना प्रेमनगर से प्रधान आरक्षक दौलत राम, आरक्षक बृजेश मांझी, चाईल्ड लाईन से समन्वयक कार्तिकम मजूमदार टीम मेम्बर शीतल सिंह, आउटरिच वर्कर पवन धीवर एवं हर गोविन्द चक्रधारी सामील थे।

मनीष पॉल का ओटीटी डेब्यू, जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीम

वेब सीरीज रफूचक्कर का टीजर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के साथ मनीष पॉल ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। ये सीरीज कॉन ड्रामा पर बेस्ड है। सीरीज में मनीष पॉल अलग-अलग लोगों के भेष में लोगों से ठगी करते नजर आएंगे। टीजर में दिखाए गए मनीष के अलग-अलग लुक्स को काफी पसंद किया जा रहा है। सीरीज में मनीष पॉल कभी फिटनेस एक्सपर्ट तो कभी वेडिंग प्लानर के रोल में दिखेंगे। वेब सीरीज की शूटिंग नैनीताल और दिल्ली के कुछ इलाकों में हुई है। सीरीज में ठगी का पता लगाने के लिए डीप फेक, फेस मैपिंग और डिजिटल फूटप्रिंट जैसी ने टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को भी फिल्माया गया है।

बैकलेस ड्रेस पहन समुंद्र किनारे जैस्मिन भसीन ने दिए सेक्सी पोज, तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी

दिल से दिल तक में टेनी का किरदार निभा कर हर घर में मशहूर होने वाली एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने इस टीवी शो में अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था।

अब हाल ही में उनकी लेटेस्ट वेकेशन की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने में लगी हुई हैं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हो, लेकिन वो आए दिन अपने व्लॉग्स और फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। वो हर बार अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट मालदीव वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में जैस्मिन भसीन ने ब्लू कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को बेहद ही शानदार लग रहा है। हालांकि लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। जैस्मिन भसीन ने अपने इस फोटोशूट के दौरान काफी डीप बैकलेस पहनी है, जो पीठ से पुरी तरह खुली है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्यार बरसाते हैं। हालांक इन तस्वीरों पर भी लोग कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा - हाय गर्मी, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- तुम कितनी हॉट हो यार।

हमें अच्छी फिल्मों के माध्यम से ऑडियंस को फिर से सिनेमाघरों में वापस लाना होगाः निहारिका रायज़ादा

निहारिका रायज़ादा जिन्हें अभी हाल ही में हमने आईबी71 फिल्म में देखा और जिन्हें अपने रोल के लिए काफी सराहना मिल रही है , उनका मानना है कि हमें अच्छी फिल्मों के माध्यम से ऑडियंस को फिर से वापस सिनेमाघरों में लाना होगा। निहारिका जो कि म्यूजिक कंपोजर ओ.पी.नय्यर की पोती है , उनका कहना है ,मुझे लगता है सिनेमा घरों को कभी भी बंद नहीं होना चाहिए।

आज ओटीटी की वजह से लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने के लुत्फ़ को भूलते जा रहे है। लेकिन हमें अच्छी फिल्में बनानी चाहिए और ऑडियंस को फिर से सिनेमाघरों में वापस लाना चाहिए। ओटीटी से पहले के वक्त को याद करते हुए उन्होंने कहा, एक वक़्त हुआ करता था जब लोग गेटी, गैलेक्सी जैसे सिनेमाघरों के बाहर लाइन लगाकर अपने चहेते सितारों को देखने के लिए खड़े हुआ करते थे। आज हर कोई अपने घर बैठे फ़ोन पर क्लिक दबाकर उन्हें देख रहा है। लेकिन जो मजा सबके साथ सिनेमाघर में फिल्म देखने से मिलता था वह घर बैठे फिल्म देखने में कहा ? निहारिका ने आईबी71 फिल्म में 30 एजेंट्स के बीच एक इकलौती फीमेल एक्ट्रेस का रोल निभाया । अपनी फिल्म और अपने रोल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, फिल्म बहुत ही रियल और सस्पेंस से भरी हुई है। फिल्म को बहुत अच्छी तरीके से बनाया है। मुझे फिल्म के सेट पर सबसे बहुत प्यार मिला। क्योंकि फिल्म में मैं अकेली फीमेल थी जो एक एजेंट का रोल निभा रही थी सेट पर ,हर कोई मेरे साथ बहुत अच्छे से पेश आता था। मैंने फिल्म के पूरे शूट के दौरान हर किसी से बेहद प्यार पाया।

सोनाक्षी सिन्हा ने दहाड़ के निर्माताओं को अपने हाथों बनाई पेंटिंग भेंट की

ओटीटी शो दहाड़ के लिए तारीफें बटोर रही एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शो की निर्माताओं जोया अख्तर और रीमा कातगी को आभार के तौर पर हाल ही में एक पेंटिंग भेंट की है। इस पेंटिंग में एक बाघ शून्य भाव से देख रहा है।

जोया ने इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी को धन्यवाद देते हुए लिखा, टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। उन्होंने बेस्टगिफ्ट, पेंटिंग, सोनाक्षीसिन्हा और दगर्लाइजएनआर्टिस्ट हैशटैग का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने असलीसोना और टाइगरबेबीऑफिशियल को टैग भी किया।

सोनाक्षी ने भी इस पोस्ट को शेयर करते हुए शो के निर्माताओं को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा, मेरा बेस्ट रोल क्रिएट करने वाली लड़की को मेरा सर्वश्रेष्ठ गिफ्ट। मुझे अंजलि भाटी बनाने के लिए थैंक्यू टाइगर बेबीज रीमा कातगी और जोया अख्तर। फॉरएवरग्रेटफुल। सोनाक्षी द्वारा बनाई गई यह पेंटिंग रीमा और जोया के प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को समर्पित है।

रीमा कातगी और रुचिका ओबेरॉय निर्देशित दहाड़ का प्रोडक्शन एक्सेल मीडिया एंड इंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा किया गया है। इसके एग्जिक्युटिव प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कातगी हैं। आठ एपिसोड वाली यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

सामंथा रुथ प्रभु फिल्म चेन्नई स्टोरी से भरेंगी हॉलीवुड की उड़ान

सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया है। वह न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड के दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हैं। बहरहाल अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, सामंथा हॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार हैं। वह इसे लेकर उत्साहित हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म और इससे जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई हैं।

काफी समय पहले खबरें आई थीं कि सामंथा हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। अब खबर है कि वह चेन्नई स्टोरी से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। सामंथा आजकल सर्बिया में वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं। इसका शूट खत्म करते ही वह चेन्नई स्टोरी की शूटिंग शुरू कर देंगी। इस फिल्म का निर्देशन बाफ्टा में नामांकन पा चुके जाने-माने निर्देशक फिलिप जॉन कर रहे हैं।

महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी28 का नया पोस्टर रिलीज, पिता कृष्णा को किया समर्पित

महेश बाबू का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं की सूची में शुमार है। मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें महेश के अलावा पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार को एसएसएमबी28 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें महेश दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने एसएसएमबी28 का नया पोस्टर अपने पिता कृष्णा को समर्पित किया है। महेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एसएसएमबी28 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज का दिन और भी खास है! यह आपके लिए है पापा। गौरतलब है कि पिछले साल महेश के पिता कृष्णा का निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था। फिल्म एसएसएमबी28 की बात करें तो इसका निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसएमबी28 के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने 81 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का धमाकेदार पोस्टर शेयर किया था और इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म का रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है. फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं थे. महेश बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 28 के पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसमें वह फुल स्वैग में नजर आ रहे हैं. मुंह में सिगार दबाए हुए महेश बाबू टशन में नजर आ रहे थे।

खेल

सेविला ने 7वीं बार जीता यूरोपा लीग का खिताब

फाइनल में पेनल्टी शूटआउट पर गोल कर रोमा को हराया, मोरिन्हो ने फेंका सिल्वर मेडल

स्पेन के क्लब सेविला ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में इटली के क्लब रोमा को हराकर सातवीं बार UEFA यूरोपा लीग का खिताब जीता। बुडापेस्ट में एक्स्ट्रा टाइम के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में सेविला ने 4-1 से जीत दर्ज की।

सेविला की टीम सातवीं बार फाइनल में पहुंची थी, वहीं रोमा का यह दूसरा फाइनल मुकाबला था। रोमा की टीम 1991 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। पिछली बार भी उसे हार का सामना करना पड़ा था।

सेविला लीग की सबसे सफल टीम है। उनसे सबसे ज्यादा सात बार टाइटल जीता है। सेविला साल 2006, 2007, 2014, 2015, 2016, 2020 और 2023 में चैंपियन बनी।

रोमा के मैनचिनी ने किया ओन गोल

मैच में रोमा के लिए पाउलो डायबाला ने पहला गोल 34वें मिनट में किया। दूसरे हाफ में रोमा के अनुभवी खिलाड़ी जिआनलुका मैनचिनी ने 55वें मिनट में ओन गोल कर दिया। गेंद को अपने ही गोलपोस्ट में डाल दिया। उनके इस गोल की बदौलत सेविला ने मैच में वापसी कर ली और स्कोर 1-1 की बराबरी पर आ गया।

सेविला के गोलकीपर ने टीम को दिलाई जीत

निर्धारित 90 मिनट तक मैच जब 1-1 की बराबरी पर छूटा। मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में चला गया। वहां भी कोई गोल नहीं हुआ। ऐसे में मैच शूटआउट में पहुंच गया। पेनल्टी शूटआउट में सेविला के गोलकीपर यासिन बूनो ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दो सेव किया।

अर्जेंटीना के गोंजालो मोंटिएल ने सेविला के लिए विनिंग पेनल्टी किया। मोंटिएल ने पिछले साल के अंत में भी अर्जेंटीना के लिए फीफा वर्ल्ड कप में विनिंग पेनल्टी किक की थी। रोमा के लिए जियानलुका मेनसिनी और रोजर इबानेज गोल करने में नाकाम रहे।

मोरिन्हो ने फेंका सिल्वर मेडल

हार के बाद रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो काफी निराश दिखे। उन्होंने सेविला के खिलाफ हार के बाद मिले सिल्वर मेडल को स्वीकार नहीं किया और उसे क्राउड की ओर फेंक दिया।

सबसे ज्यादा यूरोपा लीग का खिताब जीतने वाले क्लब

टीम	साल
सेविला	2006, 2007, 2014, 2015, 2016, 2020, 2023
लिवरपूल	1973, 1976, 2001
जुवेंटस	1977, 1990, 1993
इंटर मिलान	1991, 1994, 1998
एटलेटिको मैड्रिड	2010, 2012, 2018

एक नजर

शतरंज की दुनिया का अग्रणी देश बनने वाला है भारत : कार्लसन

नयी दिल्ली । पांच बार के विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने देश से उभरती प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा है कि भारत जल्द ही शतरंज की दुनिया का अग्रणी देश बनने वाला है। कार्लसन ने ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा, मुझे लगता है कि भारत में अभी बहुत कुछ सही हो रहा है। यह दुनिया का अग्रणी शतरंज देश बनने वाला है, कुछ ही समय की बात है। कार्लसन को 21 जून से दो जुलाई के बीच दुबई में होने वाले जीसीएल के लिये 'आइकन खिलाड़ी' चुना गया है। यह आयोजन टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के तत्वावधान में किया जा रहा है। जीसीएल अपने तरह की पहली शतरंज लीग है जहां दुनिया भर के सितारे छह अलग-अलग टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्लसन ने जीसीएल के बारे में कहा, इसका (जीसीएल) हिस्सा बनना मेरे लिये एक रोमांचक अवसर है। ऐसा कुछ पहले बोर्ड पर नहीं किया गया है। मैं इस प्रारूप के भविष्य को देखने के लिये उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मैं भारतीय खिलाड़ियों की रोमांचक युवा पीढ़ी के साथ और उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिये उत्सुक हूं। इस टूर्नामेंट के बारे में वास्तव में अच्छी चीजों में से एक यह है कि पुरुष और महिलाएं एक ही मंच पर एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

इमर्जिंग विमेंस एशिया कप के लिए भारतीय A टीम घोषित

अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की श्वेता सहरावत को टीम की कमान

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इमर्जिंग विमेंस एशिया कप के लिए भारतीय A टीम की घोषणा कर दी है। इमर्जिंग विमेंस एशिया कप 13 जून से हांगकांग में होना है। पिछले साल अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की वाइस कैप्टन रही दिल्ली की श्वेता सहरावत को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि सौम्या तिवारी को वाइस कैप्टन बनाया गया है।

श्वेता ने भारत को महिला अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था। उन्होंने टूर्नामेंट के 7 मैचों में 99 की औसत से 297 रन बनाए थे। उन्होंने सात पारियों में तीन अर्धशतक भी लगाए थे। वे तीन बार आउट हुईं थीं। उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का रहा।

वहीं बैटिंग ऑलराउंडर सौम्या तिवारी ने 4 मैचों में 84 रन बनाए थे। फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 37 गेंदों पर 24 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। इनके आलवा अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप में शामिल बॉलिंग ऑलराउंडर पार्शवी चोपड़ा, तीतास साधु, मन्नत कश्यप, एस यशश्री को भी टीम में जगह दी गई है।

पहली बार खेला जा रहा है इमर्जिंग टी-20 एशिया कप

इमर्जिंग विमेंस टी-20 एशिया कप पहली बार खेला जा रहा है। इसकी मेजबानी हांगकांग कर रहा है। इसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं।

भारत चौथी बार जूनियर एशिया हॉकी चैंपियन

पाकिस्तान को फाइनल में 2-1 से हराया, अंगद और हुंडल ने दागे गोल

भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर जूनियर एशिया कप चैंपियन बनी। भारतीय टीम ने ओमान के सलालाह में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता है। इसी के साथ भारतीय टीम टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम बन गई। जूनियर एशिया कप का नौवां सीजन था। भारतीय टीम छठी बार टूर्नामेंट का फाइनल खेल रही थी। खिताबी मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। भारत को पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिल गया, हालांकि टीम गोल नहीं कर सकी।

मैच के 13वें मिनट में अंगद बीर सिंह ने गोल कर भारत को 1-0 से आगे किया। 15 मिनट में पाक को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर भारत ने गोल नहीं होने दिया। मैच के 20वें मिनट में अरिजीत सिंह हुंडल ने गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ। मैच के 38वें मिनट में पाकिस्तान के बशरत अली ने गोल किया और बढ़त कम की। इसके बाद दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला 2-1 से भारत के पक्ष में रहा। भारत ने टूर्नामेंट में कुल 50 गोल किए और सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम रही। हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए 2 लाख और सहायक स्टाफ के लिए 1 लाख के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

मनु भाकर, सरबजोत सिंह ने जीते स्वर्ण, पंजाब यूनिवर्सिटी शीर्ष पर

गौतम बुद्ध नगर । ओलंपियन मनू भाकर और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज सरबजोत शूटिंग सिंह ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीत लिया। पंजाब यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहे मनू और सरबजोत ने फाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय के वरुण दुबे और विभूति भाटिया पर 16-2 से जीत दर्ज की। पंजाबी यूनिवर्सिटी के प्रदीप कौर सिद्धू और अमनप्रीत सिंह ने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के हर्षदीप सिंह गिल और शिखा नरवाल को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता।

दूसरी ओर, स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में पंजाब यूनिवर्सिटी की परिनाज धालीवाल और प्रभ प्रताप एस चहल ने पंजाबी यूनिवर्सिटी की जोड़ी असीस छिना और सुखबीर एस हरिका को 31-29 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के अर्जुन ठाकुर और शिवानी रायकवार ने अपनी टीम के साथियों गुरनिहाल एस गरचा और काजल सिंह बघेल को 32-22 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

सरकारी अनुकम्पा छोड़ी...कलेक्ट्री छोड़ी...राजनीति में बने सफलता के शीर्षक-ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जन्मदिन पर विशेष

राजनैतिक गलियारों में ओपी चौधरी का व्यक्तित्व शोध का विषय बन गया है। वर्तमान को देख जब ओपी के जीवन से जुड़े अतीत के पन्नो को खोलेंगे तो हर पन्ना उनके साहसिक निर्णयों से भरा हुआ नजर आएगा। आम जनता के मध्य हारे हुए व्यक्ति की मुख्यमंत्री बनने की जन चर्चा हो तब उनकी लोकप्रियता का अंदाज सहज लगाया जा सकता है। छग गठन के बाद दोनो राजनैतिक दलों में ओपी चौधरी प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नेताओ में सबसे ऊपर है। उनके जीवन से जुड़ी किताब का पहला पन्ना खोले तो उसमे पिता की मृत्यु से जुड़े दुख विषाद के क्षण नजर आएंगे। ओपी ने इन आंसुओ को व्यर्थ में नही बहाया बल्कि दुख के प्रतीक इन आंसुओ को उन्होंने खुशी के आंसुओ में बदलने का ठोस निर्णय लिया। दो दशक पहले जब हमारा प्रदेश पृथक होकर अस्तित्व में आया इस दौरान ओपी चौधरी में पिता की मृत्यु पर सरकारी अनुकम्पा से मिल रही नौकरी को त्यागने का विचित्र निर्णय लिया और अपने जीवन को सफ लता का शीर्षक बनाने में जी जान से जुट गए। प्रदेश के पहले चयनित कलेक्टर बने और प्रदेश के नक्सली क्षेत्र बस्तर में कलेक्टर का पद मांग कर सूबे के मुखिया रमन सिंह को चौकाया। अशिक्षा की वजह से बस्तर का क्षेत्र बीहड़ों के गहन अंधकार में डूबा रहा नक्सलियों की गोली के निशाने पर रहने वाले ओपी ने अपने सोने के कमरे के ऊपर एक बंकर बनाया यदि देर रात नक्सली हमला हो जाए तो बंकर में सुरक्षित रह सके। जब लोग चैन की नींद सोते तो ओपी चौधरी सारी रात जागते और नक्सल के घोर अन्धकार को उन्होंने शिक्षा के आलोक के जरिए दूर किया। नन्हे परिंदे छू लो आसमान जैसी परियोजनाओं के जरिए उन्होंने बस्तर के आदिवासी के बच्चो को शिक्षा से जोड़ा ताकि उनकी आने वाली पीढ़ी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। कलेक्टर का पद सोने का सिंहासन माना जाता है इसे त्यागने वाले ओपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह के समक्ष छग भाजपा में प्रवेश किया स खरसिया विधान सभा की माटी को नँदकुमार पटेल जी ने कुछ इस तरह से उपजाऊ बना दिया कि जब भी कोई कांग्रेसी यहां खेती करेगी तो परिमाण स्वरूप वोटो की लहलहाती फ सल आराम से काट सकता है स कुल जमा खरसिया चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में जाना सुनिश्चित है। पहला कठिन निर्णय अनुकंपा नियुक्ति के जरिए सरकारी नौकरी की बजाय पढ़कर कलेक्टर बनने का निर्णय कलेक्टर बनने के बाद इस सेवा को छोड़ना राजनैतिक दल से जुड़ना उनका दूसरा कठिन निर्णय रहा। भाजपा ज्वाइन करते हुए ओपी चौधरी ने पहला चुनाव जन्मभूमि खरसिया से लड़ने की घोषणा कर तीसरा कठिन निर्णय लिया। भाजपा से ओपी की दावेदारी होने पर खरसिया चुनाव दिलचस्प हो गया और जब तक चुनाव परिणाम आया कांग्रेस का हलक सूखा रहा। ओपी खरसिया चुनाव हार कर भी दिल जीतने वाले बाजीगर बन गए स हार नहीं मानूंगा राह नई ठानूंगा ओपी की हार कांग्रेस की भूपेश सरकार के लिए सरदर्द साबित हुई । 2018 का छग विधान सभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिए मूर्छित करने वाला रहा स ओपी इससे अछूते कैसे रह सकते थे उसके बावजूद उन्होंने भाजपा को सर्वाधिक वोट दिलाए। भाजपा को संजीवनी की जरूरत थी और ओपी प्रदेश भाजपा के लिए सही मायने में संजीवनी साबित हुए।प्रदेश के एक छोर जशपुर जहां बीहड़ जंगलों के मध्य आदिवासी बसते है। दूसरे छोर में मौजूद नक्सल इलाके बस्तर जहां नक्सलियों की गोली दिन रात चलती है। जशपुर से लेकर बस्तर सरगुजा तक धुंआधार दौरे की शुरुवात कर ओपी चौधरी ने बतौर सशक्त विपक्ष जनता के मध्य एक भरोसा जगाया। भूपेश सरकार को हर मोर्चे पर घेरने की वजह से वे सत्ता की आंखों के किरकरी बन गए ओपी की आवाज दबाने बहुतेरे प्रयास हुए कोल माफ्यिाओं के खिलाफ आवाज उठाने के मामले में कोरबा में उनके खिलाफ गैर जमानती अपराध पंजीबद्ध किया गया। छग की राजनीति में पहले चूनाव के दौरान कांग्रेस से स्वर्गीय अजीत जोगी व भाजपा से स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव प्रदेश स्तर के लोकप्रिय नेता हुए जीते जी उनकी दमदारी का लोहा प्रदेश मानता रहा। दोनो नेताओ के निधन के बाद राजनैतिक दलों में बड़ी शून्यता आ गई। जिसे भर पाना कठिन माना जा रहा था लेकिन बतौर विपक्ष ओपी की कार्यशैली प्रदेश स्तर के राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन रही है स दोनो दलों को जोड़कर ओपी सर्वाधिक चर्चा में रहने वाले नेता के रूप में स्थापित हो गए स सोशल मंच में उनकी सक्रियता राजनीति में बदलते दौर की गवाह है। खरसिया चुनाव में हार के बाद भी रायगढ़ चंद्रपुर से लड़ने की सर्वाधिक चर्चा ओपी चौधरी की है उनकी लोकप्रियता के का पैमाना इस बात से भी तय होता है कि सत्ता धारी अभी से ओपी की संभावित दावेदारी को लेकर भयभीत नजर आ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए बड़े सुधारो को केंद्र में यूपीए की मनमोहन सरकार ने सराहा और ओपी चौधरी को सम्मानित भी किया स वही भाजपा की रमन सरकार ने भी ओपी की काबलियत का लोहा माना और उनके द्वारा सुझाए गए लाइवलीहुड मॉडल को प्रदेश स्तर पर मजबूती से लागू किया। कौशल प्रशिक्षण योजना के मॉडल को केंद्र सरकार ने भी लागू किया स बतौर कलेक्टर ओपी का लक्ष्य सिर्फ यही रहा कि उनके स्तुत्य कार्यो का बड़ा लाभ शोषित व वंचित वर्ग को मिले स ओपी का यह चिन्तन रहा कि छग में शिक्षा व रोजगार की अपार संभावनाएं छिपी है और इस दिशा में राजनैतिक प्रयास शून्य रहे वे शिक्षा के जरिये पूरी पीढ़ी को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना चाहते है ताकि रोजगार मिलने पर वे किसी पर निर्भर न रहे स राजनीति से परे शिक्षा के प्रति उनका नजरिया प्रदेश के यूथ वर्ग के आकर्षण का बड़ा कारण बना सखरसिया चुनाव की हार उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को प्रदेश स्तर पर निखारने में मददगार साबित हुई स बस्तर से लेकर सरगुजा जशपुर तक उनका धुंआ धार दौरा जहां युवाओ को राजनीति के प्रति आकर्षित कर रहा वही राजनीति के मैदान का यह कुशल बल्लेबाज प्रदेश की राजनीति का ऐसा यूथ आइकॉन बना जिसकी राजनीति में सबसे अधिक स्वीकार्यता होने लगी स दलगत पार्टी की विचारधारा से कोई भी आपकी पहचान सहजता से स्थापित कर सकता है लेकिन व्यक्तिगत विचारधारा व विजन आपको जनता के मध्य स्वीकार्य बनाता है स राजनीति से अलग हट कर शिक्षा के प्रति उनका विजन छग में बड़े राजनैतिक बदलाव का माध्यम बन रहा स इसके साथ पूरे प्रदेश स्तर पर ओपी बतौर विपक्ष अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे। छग कांग्रेस उनके आरोपो पर मौन साध लेती है क्योंकि उनके तरकश में मौजूद आरोपो के तीर के निशाने पर छग सूबे के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की रीति नीतियां है स सत्ता की हर कमियों को तर्कों के साथ आम जनता के सामने रखने में ओपी कामयाब हो रहे है। ओपी को सुनने जानने मानने वालो की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा। जीवन के रहस्यों को समझने के लिए राजपाट का सिंहासन का त्याग कर जंगलों की खाक आवश्यक है बुद्ध इसकी मिशाल माने जाते है।बुद्ध ने राजनीति से परे जनता के समक्ष त्याग और शांति का जो दर्शन रखा उसकी दुजी मिशाल पूरे विश्व में नही है। उस दौर में भी सामाजिक व राजनैतिक हिंसा चरम पर रही होगी स बुद्ध के दर्शन का युद्ध के मैदान में भी बड़ा प्रभाव पड़ा। उनका दर्शन आम जनमानस के साथ विरोधियों को भी स्वीकार्य रहा। ओपी की राजनैतिक शालीनता भी बुद्ध के दर्शन से मेल खाती है जिसमे परंपरा वादी राजनैतिक मिथक को तोड़ बदलाव की झलक नजर आती है। छग की राजनीति में ओपी बदलाव के बडे माध्यम होंगे छग राजनीति की शतरंजी बिसात में आशा और विश्वास की चाल सहारे भाजपा का यह प्यादा शक्तिशाली वजीर बनकर सारे मिथकों को बदलेगा।

जन्मदिन पर भाजपा प्रवेश कर दिया उपहार

सुजित लहरे के अगुवाई में कोतासुरा निवासी लोमश पटेल ने अपने 25 साथियों के साथ ओपी चौधरी को जन्मदिन का उपहार देने उनके समक्ष भाजपा प्रवेश किया। इस अनोखे भेंट को पाकर ओपी अभिभूत हो गए। भाजपा प्रवेश करने वाले युवकों में खुशीराम यादव,निलम्बर सतनामी,प्रहलाद रजक,दिनेश मालाकार,अमृत यादव,दुर्योधन यादव,निरंजन बरेठ,हेमसंकर सिदार, दुस्यंत बरेठ,धनजीत सतनामी,भोजकुमार श्रीवास,मिलन सिदार,गुलशन मालाकार,कैलाश वैष्णव,संदीप यादव,लोकस्वर वैसनव,सचिदानंद सिदार,वेद प्रकाश मालाकार,दिनेश ओगरे,महेश सारथी,पदमन सतनामी मनीष बरेठ,भूपेंद्र यादव शामिल हैं।

दामिनी से बधाई पाकर अभिभूत हुए ओपी चौधरी

अपने जन्मदिन पर दामिनी के पैरो से केक खाते हुए मिठाई की तस्वीर साझा करते हुए प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा दामिनी ने मुझे केक खिलाया। तीन साल पहले हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए ओपी के कहा दामिनी के हाथ नहीं है। लेकिन हौसलों की वजह से पैरो से ही हाथो का काम भी कर लेती है। ईश्वर से मिली विकलांगता को अभिशाप मानने की बजाय ईश्वर प्रदत्त शक्तियों को उसने पहचाना और जीवन के क्षणों को खुशियों के पलो में बदला। दामिनी की बनाई पेंटिंग्स को बेजोड़ बताते हुए ओपी ने कहा कई जगहों में दामिनी की बनाई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लग चुकी। हर परीक्षा में 80 से अधिक अंक लाने वाली दामिनी ने दृढ़ इरादों के जरिए कमजोरियों पर विजय हासिल करते हुए आगे बढ़ने की अदभुत मिशाल पेश की है।

समाचार के मध्य में

ओपी के जन्मदिन पर बधाई देने रायगढ़ चंद्रपुर विधान सभा वासियों की लगी कतार

प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी के बायंग स्थित केला बाड़ी में जन्मदिन की बधाई देने देर रात से प्रदेश भर के समर्थको का हुजूम एकत्र होना शुरू हो गया वही सोशल मंच में भी प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारियों सहित नेताओं ने अपने लाडले नेता को बधाई दी। सोशल मंच आज ओपी जन्मदिन के बधाई से भरा नजर आया। देर रात समर्थको ने केक काटा पटाखे फोड़े और ओपी चौधरी को जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। प्रातः सूर्योदय के साथ रायगढ़ एवं चंद्रपुर विधान सभा के समर्थको की भीड़ जुटनी शुरू हो गई जो देर रात चलती रही। रायपुर बिलासपुर रायगढ़ जांजगीर सारंगढ़ चंद्रपुर कोरबा मरवाही पेंड्रा सहित अन्य विधान सभा के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने भी केला बाड़ी पहुंच कर भाजपा नेता को केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। प्रदेश भाजपा संगठन से जुड़े पदाधिकारियों भाजपा के विधायको पूर्व विधायको कांग्रेस से जुड़े नेताओ समाजिक संस्थाओं धार्मिक संस्थाओं मीडिया सहित प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस अधीक्षक एवक जिलाधिशो ने भी दूरभाष पर ओपी से चर्चा कर उनके जन्मदिन पर सुख शांति समृद्ध जीवन की कामना की। ओपी चौधरी ने जन्मदिन पर सभी शुभचिंतकों से मिले प्यार से अभिभूत होते हुए कहा उनके जीवन का एक एक कतरा छत्तीसगढ़ महतारी के लोगों के कल्याण हेतु समर्पित रहेगा।

एक नजर

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचन के संबंध में बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिद्दीकी ने राजनैतिक दलों से मतदान केन्द्र स्तर पर बीएलए नियुक्त कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने आग्रह किया है। उन्होंने नागरिकों से 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं नवविवाहिता वधुओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की है। आम नागरिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदान केन्द्रों में जाकर यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में सही दर्ज है अथवा नहीं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार बीएलओ द्वारा 25 मई से 23 जून 2023 तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जाएगा। मतदान केन्द्रों का 24 जून से 24 जुलाई 2023 तक युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्र भवन परिवर्तनए स्थल परिवर्तन एवं 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का विभाजन हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। मतदान सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को किया जाएगा एवं 2 से 31 अगस्त 2023 तक प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने मतदाता सूची से नाम विलोपन कराने एवं संशोधन हेतु दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। शासकीय अवकाश 12 अगस्त, 13 अगस्त,19 अगस्त एवं 20 अगस्त 2023 को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 22 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

जैविक खाद उत्पादन में अग्रणी बरदुला गौठान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम पंचायत बरदुला और आश्रित ग्राम खुरबेना के गौठान में गोबर खरीदी अन्य गौठानों की अपेक्षा अधिक हुई थी। जैविक खाद उत्पादन भी अधिक मात्रा में हुई है। 970 बोरी बरदुला के सहकारी समिति में बेची गई है और लगभग 700 बोरी जैविक खाद का बिक्री करना शेष है। एक बोरी में 30 किलोग्राम जैविक खाद किया जाता है। बरदुला गौठान में नमन स्वसहायता समूह की सक्रिय सदस्य और सचिव शशिकला श्रीवास ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से जैविक खाद का निर्माण हमारे समूह द्वारा किया जा रहा हैं। जिसमे 12 सदस्य हैं। जैविक खाद के पिछले वर्षो का 2 लाख रूपए का भुगतान समूह का प्राप्त हुआ है। हमारा समूह गौठान के अलावा साबुन और केक का भी निर्माण करती है। साबुन की बिक्री गांव में ही हो जाती है। इसी प्रकार महामाया स्वसहायता समूह साबुन और सर्फ का उत्पादन करती हैं। संतोषी स्वसहायता समूह पापड़, मुरकु का उत्पादन करती हैं। भाग्यलक्ष्मी स्वसहायता समूह हल्दी मिर्च का उत्पादन करती हैं। वैभव लक्ष्मी स्वसहायता समूह बड़ी बनाती हैं।

बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था करें दुरुस्त : महापौर

रायपुर । मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने बैठक ली है। इसमें जोन 9 के अधिकारियों के साथ ही एमआईसी सदस्य और पार्षद शामिल हुए। महापौर श्री ढेबर ने मानसून पूर्व सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए कहा कि नाली, नालों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। बारिश में जाम नालियों के चलते अक्सर जल भराव की स्थिति निर्मित होती है, इस वर्ष इस तरह के हालत न बने इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अलावा वार्डों में जल भराव वाले स्थानों को चिन्हांकित करते हुए तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया गया है। एजाज ढेबर ने जोन 9 के सभी 7 वार्डों की नालियों और नालों को अभियान चलाकर बारिश से पहले सफाई करवाते हुए, गन्दे पानी के निकास प्रबंधन को वार्डों में बेहतर बनाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में जोन कमिश्नर ने बैठक में बताया कि सभी 7 वार्डों के बड़े नालों और नालियों की एक बार पूरी तरह से सफाई हो चुकी है, जरूरत पड़ने पर बारिश के पहले फिर से पूर्ण सफाई कराई जाएगी। महापौर ने स्ट्रीट लाईटों पर ध्यान देते हुए पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में इसका रख-रखाव सही कराएं। जहां जरूरत हैं वहां तत्काल स्ट्रीट लाईटें लगवाने का काम प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं। बैठक मे जोन अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा और एमआईसी मेंबर द्रोपदी पटेल, पार्षद सुशीला धीवर और रोहित साहू समेत निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सोनादुला गौठान में मिला गंगा समूह को ठोर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

* गंगा स्व सहायता समूह जैविक खाद, मुर्गीपालन, बतख पालन, मछलीपान से समूह को हुई 2 लाख 50 हजार रुपए की आमदनी

* गौठान से जय शीतला स्व सहायता समूह, सखी सहेली स्व सहायता समूह भी जुड़े

राज्य सरकार की सुराजी गांव गौठान योजना में सोनादुला गौठान की गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं को ठिकाना मिल गया है। गौठान में जैविक खाद बनाने के काम से लेकर महिलाएं मुर्गीपालनए बतख पालन और मछलीपालन के कार्यों से जुड़ी और 2 लाख 50 हजार 987 रूपए की आमदनी पाकर बेहद खुश है। गंगा समूह की महिलाओं की दिनोंदिन उन्नति देखकर गांव की जय शीतला स्व सहायता समूह एवं सखी सहेली समूह की महिलाएं भी आगे आकर गौठान से जुड़ गई हैं और आमदनी प्राप्त कर रही है। सक्ती जिले के मालखरौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सोनादुला की स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सुमन गुप्ता बताती हैं कि पहले छोटे-मोटे काम करके उतनी आमदनी नहीं होती थीए लेकिन जब से गौठान का निर्माण हुआ है उनकी उम्मीद बढ़ गई। गौठान में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर 661ण्30 क्विंटल खाद उत्पादन की और 331.60 क्विंटल खाद की बिक्री कर 1 लाख 29 हजार 987 एवं 45 हजार रूपए का केंचुआ बेचकर 1 लाख 74 हजार 987 रूपए की आमदनी अर्जित की।

समूह द्वारा बतख पालन करते हुए 32 हजार रूपए की लागत लगाई और कड़ी मेहनत करते हुए समूह द्वारा बतख को बेचकर 57 हजार रूपए की आय प्राप्त की और 25 हजार रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त किया। समूह की दीदियों ने गौठान में अपनी आजीविका गतिविधि को बढ़ाते हुए मुर्गीपालन का कार्य भी शुरू किया। जिसमें कार्य करते हुए समूह ने 40 हजार रूपए लगाए और मुर्गी की बिक्री से 71 हजार रूपए आय अर्जित करते हुए 31 हजार का लाभ प्राप्त किया। समूह ने मछलीपालन में भी अपने हाथ अजमाए और 28 हजार रूपए से कार्य शुरू करते हुए 49 हजार में मछली का विक्रय करते हुए 21 हजार का लाभ प्राप्त किया। गौठान में गंगा समूह की सफलता को देखते हुए दूसरे समूह भी जुड़ने शुरू हो गए। जय शीतला समूह की अध्यक्ष मीरा बरेठ बताती हैं कि उनका समूह द्वारा 3 एकड़ क्षेत्र में सब्जी बाड़ी का कार्य करते हुए मूंगफ ली, आलू प्याज की खेती शुरू की। जिसमें समूह के द्वारा 1 लाख 5 हजार की आय प्राप्त करते हुए 60 हजार 500 रूपए का लाभ प्राप्त किया। समूह की दीदियों ने मुर्गीपालन करते हुए 30 हजार रूपए लगाए और 63 हजार में मुर्गियों को बेचकर 33 हजार रूपए लाभ अर्जित किये। सखी सहेली समूह द्वारा मशरूम उत्पादन करते हुए बीज, बांस, पैरा, पॉलीथिन, रसायन में 25 हजार रूपए खर्च करते हुए मशरूम तैयार किया। मशरूम तैयार होने के बाद उसे 51 हजार रूपए में विक्रय कर 36 हजार रूपए का लाभ मिला।

किताबी लोकप्रियता भी नहीं हुई कारगर, अब विफलता छिपाने सम्मेलन की तैयारी

मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल को कांग्रेस ने बताया अलोकतांत्रिक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पहले वेशकीमती वेशभूषा और फिर अपने ऊपर किताब छापकर लोकप्रियता का स्वांग रचने की नकारात्मक कोशिश के बाद विफ लताओं के 9 साल के कार्यकाल को छिपाने के लिए अब कार्यकर्ता सम्मेलन कराने की तैयारी की जा रही है लेकिन जनता और देश से मोदी सरकार के वायदे और अपेक्षाएं अब तक जस की तस हैं। उक्त बयान मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल को लेकर बीजेपी में चल रहे कार्यक्रमों को निशाने पर रखते हुए जिला कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने जारी किये हैं। तिवारी ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन नौ वर्षों में महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही भरे फैसलों का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो रहे हैं। ये विफलता के नौ साल हैं। देश में नौ वर्षों की बदहाली है। जुमलों के दम पर सत्ता में आई मोदी सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। बस तारीख दर तारीख बताते रहे।सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए और लोगों को बेरोजगारी, वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी, विमुद्रीकरण का खामियाजा भुगतना पड़ा। महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है। आर्थिक विषमता क्यों बढ़ रही है। ऐसा क्यों है कि किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई, किसानों के साथ किये गए वायदे पूरे क्यों नहीं हुए, एमएसपी की कानूनी गारंटी क्यों नहीं दी गई। नोटबंदी ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया, लोग बैंक लाइन में मर गए। उस भयावह दृश्य को कौन भूल सकता है। पीएम पर हमला बोलते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि गब्बर सिंह टैक्स जीएसटी से व्यापारी तबाह हो गए हैं। केंद्र की अग्निवीर योजना ने इस देश के युवाओं के सपनों को कुचल दिया। कांग्रेस प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने कहा कि बीजेपी सरकार में 45 सालों के बेरोजगारी के रिकॉर्ड को कायम किया है। देश का युवा इस बात को जानता है। देश का युवा अब नफरती नारों में नहीं फंसने वाला है। युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, यहां तक कि रोजगार चाहने वाला युवा बीजेपी के साथ नहीं है। कुछ वाट्सएप यूनिवर्सिटी से गुमराह युवा हैं, वही बीजेपी के साथ हैं, लेकिन उनकी संख्या बहुत कम है। तिवारी ने कहा कि जहां तक जनसंपर्क का सवाल है तो बीजेपी ने देश की जनता को गुमराह करने का काम किया। उनका जनसंपर्क अपनी असफलताओं को छुपाने और बचाने के लिए है। कांग्रेस के सवाल विपक्ष की जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए है। एक असफ ल सरकार, असफ्ल संगठन के तौर पर अपनी असफ लताओं के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू कर रही। हरेराम तिवारी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने निशाना साधते हुए कहा, आवाज उठाने वाले किसी व्यक्ति को दबाओ, उसे कुचल दो, उसे जेल में डाल दो, उसे बुलडोज करो। ईडी, सीबीआई का डर दिखाओ। अगर सरकार नहीं है तो पैसे के आधार पर सत्ता खरीदों और लोकतंत्र की हत्या करो। ये विफलता के नौ साल हैं। पार्टी ने कहा, अब लोग उनसे थक चुके हैं। कर्नाटक चुनाव इसका सबूत है, जहां जनता ने सीधे पीएम मोदी और उनकी भ्रष्ट सरकार को नकार दिया। अंसतोष की यह लहर दक्षिण से शुरू हुई है जो पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगी। जनता इंतजार कर रही है और मुंहतोड़ जवाब देगी। साथ ही हरेराम तिवारी ने बीजेपी के फायर ब्रांड नेता से प्रधानमंत्री पर लिखी किताबों के बिक्री की मिली जिम्मेदारी के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति और उसके सामाजिक प्रभाव की जानकारी भी मीडिया में जारी बयानों के माध्यम से सार्वजनिक करने का सुझाव दिया है।

मोबाईल चोरी की घटना में पीट-पीट कर हत्या कर देने वाले आरोपियों गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

प्रार्थी त्योफिल केरकेट्टा पिता स्व. मोरिस केरकेट्टा उम्र 47 वर्ष सा. नवडीहा थाना कुसमी जिला-बलरामपुर रागंज छग के द्वारा थाना कुसमी में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके भतीजा अनुरंजन केरकेट्टा शादी समारोह में शामील होने रिस्तेदारी में गोविन्दपुर के सुरेन्द्र मिंज के घर गया हुआ था। सुबह गांव कोटवार के जरिये यह सूचना मिली कि विगत रात को अनुरंजन के साथ गोविन्दपुर के लड़कों ने मारपीट किया है। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है लाश वही पड़ी है। सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में सूचित किया गया। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डां.लाल उमेद सिंह के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लेकर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी को प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश देते हुए एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित करके थाना प्रभारी कुसमी को अज्ञात आरोपी के पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु घटना स्थल रवाना किया गया। घटना स्थल पहुंचकर मर्ग पंचनामा की कार्यवाही की गयी। एवं प्रथम दृष्टया अपराध हत्यात्मक प्रतीत होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र.28/2023 धारा 302, 34 भादवि पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। विवेचना के दौरान एवं गवाहों से पूछताछ करने पर यह पता चला की घटना दिनांक को शादी स्थल पर रात्रि करीब 10. 00 बजे डीजे बज रहा था। वही पर दो मोबाईल रखे हुये थे। एक मोबाईल नरेन्द्र राम नामक लड़के या जो गोविन्दपुर का रहने वाला है। उसके मोबाईल को मृतक अनुरंजन केरकेट्टा ने उठा लिया। तब वहां उपस्थित विरेश बड़ा, प्रकाश चंद, विनोद बड़ा, अमृतराम, रूपदेव राम, और नरेन्द्र राम आदि ने उक्त मोबाईल के बारे में पता किये तो मोबाईल मृतक अनुरंजन केरकेट्टा के जेब से मिला। चुकि शादी स्थल पर सभी नशे में थे। इस लिये उपरोक्त सभी मृतक को मारपीट करते हुये रोड की ओर ले आये और मोबाईल चोरी करते हो कहकर लात घुस से मारते हुये खेत की ओर ले गये वहां विरेश बड़ा ने मृतक का गला दबा दिया और बाकी लोगों ने चेहरे, कनपटी, और छाती पर लात घुसों से मारपीट किया। जिससे मृतक अचेत होकर वहीं गिर पड़ा और सभी वहां से भाग गये। अचेत अवस्था में रातभर पड़े रहने के कारण एवं अन्दरूनी चोंटो के कारण अनुरंजन केरकेट्टा की मृत्यु हो गयी। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से अपराध पंजीबद्ध होने के 12 घंटे के अंदर ही सभी 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया

गया। संम्पूर्ण कार्यवाही में थाना कुसमी के निरीक्षक सुनिल कुमार केरकेट्टा, उप निरीक्षक कोमल तिग्गा, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रआर 274 दीपक बड़ा, 261 राजेन्द्र टेकाम, 488 भगत राम गोरे, आरक्षक क्र.681 संजय साहू, 430 कामेशवर पैंकरा, 1131 फु लसाय पावले, 924 रामप्रसाद भगत, 548 संजय कुजूर, का टीम गठन कर घटना स्थल पर पहुंचकर अज्ञात आरोपियों का पता तलाश करने में लग गये। हत्या करने वाले अज्ञात आरोपियों का पता तलाश करने में पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के मार्ग निर्देशन पर एसडीओपी रितेश चौधरी के अथक प्रयास एवं थाना स्टाप के मेहनत एवं लगनता के कारण तत्काल घटना घटित करने वाले आरोपियों। विरेश बड़ा उम्र 25 साल,रूपदेव राम उम्र 23 साल,प्रकाश चंद 18 साल, विनोद बड़ा उम्र 28 साल, अमृत राम उम्र 36 साल, नरेन्द्र राम उम्र 32 साल सभी निवासी ग्राम गोविंदपुर थाना कुसमी जिला बलरामपुर रा. गंज छग को घटना के 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ने में सफ लता हासिल किया है।

एक नजर

आगामी वर्षाकाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कार्यपालन अभियंता हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर, कोरबा ने जिले के सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि आगामी वर्षाकाल 2023 के दौरान आवश्यकता होने पर हसदेव बरॉज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जायेगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल प्रबंध संभाग उत्तरदायी नहीं होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में चारपारा, खैरभवना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़िया, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, कटबितला, मोहरा, चिचोली, झींका, ठिठोली एवं जांजगीर चांपा जिले के चॉम्पा एवं देवरी गांव शामिल हैं।

31 मई को हुए सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के दूसरे दिन ही पीपीओ एवं जीपीओ जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला के अन्तर्गत 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मचारियों को 2 जून को पीपीओ और जीपीओ प्रदाय किया गया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा 6 सेवानिवृत्त कर्मचारी गणेश्वर प्रसाद यादव, सुभाष मिश्रा, मंगल प्रसाद पटेल, ताराचंद पटेल, माधव लाल पटेल, अस्विनी कुमार चौधरी को पीपीओ और जीपीओ की कापी प्रदान किया गया तथा स्वस्थ जीवन एवं लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई। मुख्यमंत्री की मंशा पर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन नीलकंठ टेकाम के निर्देशानुसार संयुक्त संचालक बिलासपुर आरके पटेल से समन्वय कर कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह द्वारा रायगढ़ से 6 प्रकरण के लिये संबंधित आहरण अधिकारी के माध्यम से समस्त दस्तावेज तैयार कराया गया एवं पीपीओ एवं जीपीओ की प्रति कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी एसके ठाकुर, राजीव बरेठ, कमलेश डनसेना, खिलेंद्र देवांगन मौजूद थे। ज्योति सिंह वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं समस्त आहरण अधिकारियों से आग्रह किया कि सेवानिवृति होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय पर ऑनलाइन भेजे ताकि आगामी समय में भी समय से पीपीओ एवं जीपीओ प्रदान किया जा सके।

मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने के प्रबल आसार

रायपुर । छत्तीसगढ़ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने तथा राज्य में एक-दो स्थानों पर तेज आंधी-तूफान चलने तथा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग की माने तो राज्य में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है। पश्चिम दिशा से आ रही सूखी हवाओं के असर से वातावरण के साथ ही हवा में नमी की मात्रा काफी कम हो गई है। यही वजह है कि सुबह 9 बजे से ही धूप चुभने लगी है। वहीं गर्म-शुष्क हवा के असर से आज शुक्रवार को राज्य के मैदानी इलाकों में खासकर मध्य छत्तीसगढ़ में लू चलने के प्रबल आसार बने हुए हैं। लू की चपेट में न्यायधानी बिलासपुर के साथ ही मुंगेली, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ और राजनांदगांव जिला शामिल है। शुष्क हवा के आने का सिलसिला लगातार जारी रहने के कारण राज्य के अधिकांश जिले जोरदार तप रहे हैं। जांजगीर-चांपा में पारा फिर से 45 डिग्री पहुंच गया है।

वर्ल्ड मिल्क डे के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर पशुधन विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डेयरी अपने पर्यावरण पदचिह्न को कम कर रही है, साथ ही पौष्टिक खाद्य पदार्थ और आजीविका भी प्रदान कर रही हैए इस वर्ष का थीम रखा गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ. एसपी सिंह द्वारा विभागीय कर्मचारियों के साथ मातृछाया शिशु पालन घर जाकर रहने वाले बच्चों को पौष्टिक शुद्ध दूध पिलाने के साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया। इसी क्रम में कार्यालय सभागार में जिले के प्रगतिशील पशुपालकों एवं दुग्ध व्यवसायियों के साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यवसायियों को अंग वस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें बेहतर पशुपालन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। साथ ही बैंक से केसीसी बनवाने के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विभाग की ओर से सभी पशुपालकों को डी.वॉर्मर और मिनरल मिक्सचर भी प्रदान किया गया।

इंडोनेशिया के बाली द्वीप से आये कलाकारों ने कहा कि श्री राम की भूमि में आकर धन्य हुए जिनकी कथा हम दुनिया भर में सुनाते हैं

कहा पहली बार उस धरती पर आए जहां से रामकथा सृजित हुई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत से लगभग साढ़े आठ हजार किलोमीटर की दूरी पर बसे इंडोनेशिया के बाली द्वीप में भी किसी लड़की का नाम पद्मा हो सकता है या फिर श्रीयानी हो सकता है यह सोचना भी चकित कर देता है लेकिन बाली द्वीप में ऐसा हो सकता है। 2000 बरस पहले यहां भारतीय उपमहाद्वीप का सांस्कृतिक प्रभाव पड़ा और बाली ने भारत के सांस्कृतिक मूल्यों को अपना लिया। वाल्मीकि की रामायण कथा बाली द्वीप में आज ही उसी तरह से सुनी सुनाई जाती है और स्थानीय संस्कृति के अनुरूप इसका सुंदर मंचन किया जाता है। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के मौके पर बाली से आए दल की सदस्य ने बताया कि मेरा नाम पद्मा है हमारे यहां बिल्कुल वैसे ही पूजा होती है जैसे भारत में होती है। हमारे यहां भी लोग मंदिर जाते हैं और हम सब भगवान राम के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। बाली से ही आई श्रीयानी ने बताया कि लक्ष्मी जो विष्णु जी की पत्नी है उनकी विशेष पूजा बाली द्वीप में होती है और इसी वजह से बहुत सारी लड़कियों के नाम श्री से हैं जैसे श्रीयानी या पदमा।

श्रीयानी ने बताया कि उनके दल द्वारा मंचित की गई राम कथा केवल इंडोनेशिया में ही नहीं सुनाई

छत्तीसगढ़ वही धरती जहां अरण्य कांड रचा गया

जाती, इसका मंचन आसपास के देशों जैसे सिंगापुर आदि में भी होता है यही नहीं वह यूरोपियन यूनियन तथा अमेरिका में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। श्रीयानी ने बताया कि जब उनका दल राम कथा सुनाता है तब उनकी कलात्मक प्रस्तुति और उनका वस्त्र विन्यास लोगों को बहुत भाता है। इसके अलावा श्रीराम का अद्भुत चरित्र सब को बहुत पसंद आता है। श्रीयानी ने बताया कि उन्हें रामकथा इसलिए अच्छी लगती है क्योंकि श्रीराम हमेशा अपनी पत्नी सीता का ध्यान रखते हैं। जब उनका अपहरण होता है तब वह उन्हें वापस लाने लंका तक चले जाते हैं लंका में पुल का निर्माण करते हैं। इस तरह से जब भावपूर्ण कथा की प्रस्तुति होती है तो लोगों के लिए अद्भुत दृश्य बनता है।

श्रीयानी से जब उनके परिधानों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बाली में रामकथा से जुड़े हुए जुड़ी हुई सामग्री बनाने का कुटीर उद्योग है यहां न केवल कलाकारों के लिए मुकुट तैयार होते हैं अपितु यहां पर उनके लिए सुंदर वस्त्र भी तैयार होते हैं।

श्रीयानी ने वस्त्र दिखाते हुए कहा कि देख लीजिये, सालों से इसी तरह के वस्त्र रामकथा में पहने जा रहे हैं और इन वस्त्रों की विशेषता यह है कि ऐसे ही परिधान हमारे मंदिरों में भी देवताओं ने धारण किए हैं। अपने मुकुट की तरफ इशारा करते हुए श्रीयानी ने बताया कि इसे देखिए, यह वैसा ही है जैसे बाली के मंदिरों में बनी मूर्तियों में दिखता है। फिर उन्होंने बताया कि यह मुकुट दुकानों में बिकते हैं। फूलों की ओर इशारा करते हुए मुस्कुराते हुए उन्होंने कहा कि बस यह फूल ही है जिन्हें हम चुनकर अपने मुकुट में लगाते हैं हमारा इतना ही काम है और फिर उसके बाद अपनी अपनी प्रस्तुति में लग जाते हैं।

श्रीयानी ने बताया कि वह पहली बार भारत आई हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। यह श्रीराम का देश है। मुझे बताया गया कि रामकथा में वर्णित अरण्यकांड का स्थल दंडकारण्य ही है। यह छत्तीसगढ़ ही है जहां मैं आई हूँ। यह सोचकर ही मुझे बहुत अच्छा लग रहा है हम सब छत्तीसगढ़ में आकर और यहां हुए भव्य स्वागत से अभिभूत हैं।

बेटी पढ़ाओ आगे बढ़ाओ को सच कर दिखाया सुमन अग्रवाल ने

जोहार छत्तीसगढ़-पाललीडीही।

बेटी पढ़ाओ आगे बढ़ाओ के नारे को तो सभी ने सुना है। लेकिन असल जिंदगी में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है आज कोई बीना स्वार्थ के कुछ नहीं करता ये लब्ज सिर्फ गली गलियारों के दिवालो पर ही लिखे फबते नजर आते हैं। लेकिन इस कथनी को करनी कर दिखाया है पत्थलगांव कस्बे के एक शिक्षित बहू ने। जिसमें बताया जा रहा है की कुमारी साक्षी यादव पिता संतोष यादव नगर पंचायत कर्मचारी मां सरस्वती यादव पिछले कोरोना काल 2021में 2 साल से सुमन अग्रवाल से निःशुल्क शिक्षा ले रही थी। इस वर्ष उन्होंने प्रयास एवं संकल्प की परीक्षा दी जिसमें 70 में 46 नंबर लाकर संकल्प स्कूल कुनकुरी के लिए पात्र हुई। कुमारी साक्षी यादव ने बताया कि पिछले 2 वर्षों से मैडम सुमन अग्रवाल द्वारा उन्हें निशुल्क क्लास सभी विषयों की सुक्ष्म जानकारी दी जा रही थी। इंग्लिश ग्रामर जीके सामान्य ज्ञान गणित सभी विषयों की अच्छी जानकारी मिलने पर एवं सुमन मैडम द्वारा पढ़ाई-लिखाई से संबंधित सामाग्री काफी पेन पुस्तक एवं विभिन्न सामाग्री भी दी गई इसके अलावा स्कूल के शिक्षक पुष्पराज भोये द्वारा प्रति रविवार को अलग से एस्ट्रा क्लास भी दिया जा रहा था। जिससे परीक्षा में सवालों को हल करने में कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा और उनका चयन संकल्प स्कूल में होने से पहले उन्होंने जशपुर में इसके लिए इंटरव्यू भी दिया जिसमें इनका चयन कुनकुरी संकल्प स्कूल में हुआ संकल्प स्कूल में चयन होने से परिवार में खुशी का माहौल रहा।आपको बता दें कि अग्रवाल सभा की सदस्य सुमन अग्रवाल ने कोरोना काल 2021 में पुरानी बस्ती प्रेम नगर ढोड़ी टिकरा चिंडरा पारा के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देना प्रारंभ किया जिसका अच्छा प्रतिफल के रूप में साक्षी यादव और उसके परिवार को देखने को मिला जिसके लिए यादव परिवार सहित मोहल्ले के यूवा समाज सेवक अवधेश गुप्ता ने किया है बधाईयां अभिवादन किया है।

पति-पत्नी के झगड़े का बच्चियों पर न पड़ने दे असर- डॉ.किरणमयी नायक

अलग-अलग रह रहे थे पति-पत्नी आयोग की समझाईश पर हुआ सुलह, राजी-खुशी गये अपने घर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जिले से प्राप्त प्रकरणों पर सुनवाई की गई। आज प्रदेश स्तर की 179 वीं एवं रायगढ़ जिले में चौथी सुनवाई थी। जिसमें कुल 36 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जिसमें 22 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया। 4 प्रकरणों को रायपुर सुनवाई हेतु ट्रांसफर किया गया है। इस दौरान आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय भी साथ उपस्थित रही।

आयोग की सुनवाई में एक ऐसा प्रकरण सामने आया जिसमें पति-पत्नी एक ही घर में रह तो रहे है लेकिन दोनों के बीच प्राय: लड़ाई-झगड़ा होती रहती है। दोनों पक्षों को आयोग के द्वारा समझाने का बहुत प्रयास किया गया। लेकिन आवेदिका संतुष्ट नहीं हो पायी। आयोग ने कहा कि आपके लड़ाई-झगड़े के कारण आपके बच्चियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसकी वजह से आगे चलकर उनका कैरियर खराब हो सकता है। क्योंकि बच्चियां तो आप दोनों की है। फिर भी महिला नहीं मानी। अनावेदक अपने वेतन से उसके घर खर्चे के लिए रूपये भी दे रहा है। लेकिन फिर भी पत्नी खुश नहीं है। जिसकी वजह से मामला जिला में निपटारा नहीं हो पाया और आगामी 5 जुलाई को रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में पति-पत्नी शादी के कुछ ही दिन पश्चात आपसी मनमुटाव की वजह से अलग-अलग रह रहे थे। उक्त प्रकरण आयोग में आने के पश्चात दोनों को समझाईश दी गई और मामला का सुलह हो गया। आज दोनों पति-पत्नी खुशी-खुशी अपने घर को लौट गई।

नर्सिंग कालेज के संस्थापक को पुलिस के माध्यम से उपस्थित के दिए निर्देश

एक प्रकरण में मां की मृत्यु पश्चात उसकी आवेदिका पुत्री द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में आवेदन लगायी थी। लेकिन विभाग द्वारा उसे अपात्र घोषित करते हुए अनुकम्पा नौकरी प्रदान नहीं किया जा रहा था। जिसके कारण आवेदिका ने आयोग में सुनवाई हेतु आवेदन किया था। जिस संबंध में आयोग द्वारा अनावेदक को गजट नोटिफिकेशन पावती लेकर सुनवाई में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। अनावेदक द्वारा संबंधित दस्तावेज लेकर नहीं आने पर आयोग द्वारा नियमानुसार आवेदिका को चतुर्थ श्रेणी में भर्ती करने की पात्रता दी जाए। उक्त प्रकरण को विशेष मानते हुए आयोग द्वारा अनुशंसा की गई कि तत्काल प्रभाव से आवेदिका को चतुर्थ श्रेणी भृत्य पद पर नियुक्ति प्रदान करें तथा आदेश दिनांक 14 जून 2023 को महिला आयोग कार्यालय रायपुर में उपस्थित किया जाए, जिसके आधार पर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया जा सके। इसी प्रकार एक अन्य पिछले प्रकरण में उकिया देवी नर्सिंग कालेज के संस्थापक को आयोग के निर्देश का पालन करने सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे किन्तु नर्सिंग कालेज के संस्थापक द्वारा उसका पालन नहीं किया गया। ऐसी दशा में आयोग द्वारा थाना पुसौर रायगढ़ के पुलिस निरीक्ष के माध्यम से रायपुर की अगली सुनवाई में उपस्थित कराने के निर्देश दिए गए है।

परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने पर प्रधानमंत्री ने लतारानी पटेल को कहा धन्यवाद

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

परीक्षा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया था। जिसमें उन्होंने परीक्षा से पूर्व की तैयारी पर चर्चा करते अनेक टिप्स दिए थे। परीक्षा पे चर्चा में शामिल होने वाले छात्रों को प्रधानमंत्री ने पत्र लिखकर धन्यवाद कहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमजयगढ़ की छात्रा शाहपुर निवासी लतारानी पटेल को प्रधानमंत्री का धन्यवाद पत्र मिला है। जिसमें लिखा है कि आप जेसे युवा साथियों के विचारों को जानना समझना हमेशा उत्साहजनक होता है। आज के

युवा पीढ़ी की ऊर्जा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को देखकर मुझे अत्यंत गर्व होता है। इस युवा शक्ति से देश की आशाएं एवं आकांक्षाएं जुड़ी हुई है। युवाओं के सामने आज संभावनाओं और अवसरों के अनगिनत द्वार खुले हैं। प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, नवाचार, खेल कूद, स्टार्ट अप समेत जिन भी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। उसके लिए सुविधाओं और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। अगले 25 वर्ष भारत का अमृत कालखंड है। जिसमें एक भव्य, विकसित, समर्थ राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भारत की युवा शक्ति अपने व्यक्तिगत संकल्पों के साथ देश के संकल्पों को जोड़कर राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आप जीवन की हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंए इस विश्वास के साथ आपको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। पत्र में समृद्ध भारत के लिए पंच प्रण भी उल्लेख किया गया है। विकसित भारत का विराट संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकजुटता को सुदृढ़ रखना एवं कर्तव्य निर्वहन को प्राथमिकता यह पंच प्रण है।

5 आबंटित राशन दुकान को निरस्त करने की मांग को लेकर सड़क पर उग्र आंदोलन करेगी जन मुक्ति मोर्चा

दल्लीराजहरा –जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ अध्यक्ष जीत गुहा नियोगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों को जनहित में काम करने की नसीहत देते हुए कहा की वे शराब, सट्टा, दल्लीराजहरा में 5 राशन दुकान आबंटन में घोटालेबाजी के साथ अवैध व्यवसाय व उससे जुड़े हुए लोगो में संलिप्तता व संरक्षण देना छोड़ दे वरना जनमुक्ति मोर्चा के साथी सड़क में उतर उग्र आंदोलन करेंगे। दल्ली राजहरा में जनता के नेता के बजाये पार्टी द्वारा स्थापित नेताओ द्वारा राजहरा नगर निरीक्षक (टी.आई) के लगातर स्थानातरण कि मांग किया जा रहा है, कारण अस्पष्ट है, वही दूसरी ओर राशन दुकान आबंटन में स्पष्ट

घोटला नजर आने के बाद भी पार्टी द्वारा पोषित ये नेता घोटाले में संलिप्त भ्रष्ट अधिकारीयों के लिए ना कानूनी कार्यवाही, निलंबन के मांग करने में चुप्पी साधे बैठे है। जीत गुहा नियोगी ने कहा की राजहरा नगर में सट्टा शराब अवैध उगाही से कई नेताओ कि राजनीति व घर चलता है।

एक नजर

एनएच 43 का मरम्मत कार्य प्रारंभ, आवागमन होगी सुगम

पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

एनएच 43 पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। विगत दिनों पीडब्ल्यूडी प्रमुख अभियंता केके पिपारी द्वारा एनएच 43 का दौरा कर निरीक्षण किया गया था। प्रमुख अभियंता के निर्देशानुसार बंदरचुआ से डुगडुगीया कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिससे आवागमन में सुगम होगी। एनएच 43 के उप अभियंता अशोक शेसर ने बताया की मरम्मत कार्य टीबीसीएल शहडोल द्वारा किया जा रहा है। पत्थलगांव में मरम्मत कार्य प्रगति पर है। लुड़ेग में री एलाइनमेंट का कार्य प्रारंभ हो गया है।

कलेक्टर ने पलारीकला, सकरेली और जुनवानी के विलेज हेल्थ सेनेटाइजेशन एंड न्यूट्रीशन सत्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने सत्र को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ति।

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने सक्ती जिला अंतर्गत आयोजित होने वाले विलेज हेल्थ सेनेटाइजेशन एंड न्यूट्रीशन सत्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा पलारीकला, सकरेली और जुनवानी में सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी मौजूद रहे। कलेक्टर के निर्देशन में अब इन सत्र में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक सत्र में पांच की शक्ति यानी बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ, कुपोषण,टीकाकरण, एनीमिया एवं सिकेल सेल की जांच,उपचार व परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य किया जा रहा है। ताकि माताओं,शिशुओं किशोरियों को स्वस्थ बनाए जा सके तथा स्वस्थ महिला और सुपोषित बच्चों से बेहतर परिवार का निर्माण, बेहतर परिवार से बेहतर समाज और बेहतर समाज से बेहतर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। यूनिसिफ की टीम भी इस क्षेत्र में अब सक्ती जिले में जिला प्रशासन के साथ काम कर रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उल्लेखनीय है की उक्त सत्र का आयोजन स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सयुंक्त रूप से किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सत्र आयोजित कर शिशु स्वास्थ्य हेतु शिशुओं का रूटीन टीकाकरण अभियान, गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व जांच, कुपोषण मुक्ति हेतु विशेष पोषण आहार की सुविधा मुख्य रूप से प्रदाय की जाती है।

सरेआम शराब पीते 11 पकड़ाएं

रायपुर । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने सरेआम शराब पीते आरोपी रामकुमार निषाद 20 वर्ष, गोलबाजार पुलिस ने आरोपी टाकेश्वर साहू 30 वर्ष व राजेश साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी विकाश श्रीवास्तव 26 वर्ष, उरला पुलिस ने आरोपी नरेंद्र देवांगन 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी पिंटू सेन 26 वर्ष, आमानाका पुलिस ने आरोपी सुदीप सिंह 45 वर्ष, अजीत सिंह 40 वर्ष व अरविंद सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

हाईकोर्ट ने नाबालिग छात्रा का अबॉर्शन कराने का दिया आदेश, डीएनएटेस्ट के लिए भ्रूण को सुरक्षित रखने को कहा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 16 साल की प्रेग्नेंट छात्रा का अबॉर्शन कराने का आदेश दिया है. साथ ही कोर्ट ने उसके भ्रूण का डीएनए कराने को भी कहा है. ताकि आरोपी को सजा मिल सके। दरअसल, पूरा मामला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की रहने वाली दसवीं कक्षा की रेप पीड़िता छात्रा प्रेग्नेंट हो गई है. इससे परेशान उसके पिता ने टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम की धारा 3 और नियम 9 के तहत अपनी बेटी का अबॉर्शन कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई. कोर्ट में उनके एड्वोकेट समीर सिंह और रितेश वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए, उनकी बेटी के बेहतर जीवन जीने के लिए उसका अबॉर्शन कराने की अनुमति मांगी. मामले की पिछली सुनवाई के दौरान जस्टिस एनके व्यास ने सीएमएचओ को छात्रा का मेडिकल

बोर्ड से जांच कराकर रिपोर्ट पेश करने कहा था। मेडिकल रिपोर्ट में डॉक्टरों की टीम ने कोर्ट को बताया कि किसी भी गर्भवती लड़की या महिला का अबॉर्शन 25 हफ्ते के भीतर किया जा सकता है. इससे गर्भवती की जान का खतरा नहीं रहता. मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के वेकेशन कोर्ट में हुई. इस दौरान याचिकाकर्ता के एड्वोकेट ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला दिया. मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर लड़की का अबॉर्शन कराने की अनुमति मांगी. मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने गर्भवती नाबालिग छात्रा को 2 जून को अबॉर्शन कराने का आदेश सीएमएचओ राजनांदगांव को दिया है।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव

3 जून को 4 राज्य के रामायण मंडलियों के मध्य होगा अरण्यकाण्ड पर आधारित रामायण प्रतियोगिता

कंबोडिया एवं इंडोनेशिया विदेशी दल की होगी प्रस्तुति, शाम में होगी केलो महाआरती

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का समापन समारोह 3 जून को रामलीला मैदान में होगा। जहां दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक 4 अंतराज्यीय रामायण मंडलियों के मध्य अरण्यकाण्ड पर आधारित रामायण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाम 6 से 6.30 बजे तक कंबोडिया विदेशी दल की प्रस्तुति होगी। वहीं शाम 6.30 से 7 बजे तक केलो महाआरती एवं महिला स्व.सहायता समूह के बहनों द्वारा गोबर से निर्मित दिये द्वारा दीपदान का आयोजन होगा। रात्रि 7 बजे से मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का मंच पर आगमन होगा। रात्रि 7.15 से 7.30 बजे तक दीप प्रज्जवलन, राजगीत एवं हनुमान चालासी का सामूहिक पाठ होगा। रात्रि 7.30 से 8.30 बजे तक समापन समारोह के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट, विजेता दलों को पुरस्कार वितरण, विदेश से पधारे कलाकार दलों का सम्मान, प्रतियोगिता के निर्णायकों का सम्मान एवं अतिथियों के समक्ष विजेता दलों और विदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियां होगी।

राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मैथिली ठाकुर की होगी भजन संध्या तो कुमार विश्वास अपने-अपने राम म्युजिक नाईट की देंगे प्रस्तुति

रात्रि 8.30 से 9 बजे तक इंडोनेशिया विदेशी दल की प्रस्तुति होगी। रात्रि 9 से 9.30 बजे तक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मैथिली ठाकुर की भजन संध्या एवं रात्रि 9.30 से 10 बजे तक कुमार विश्वास अपने-अपने राम म्युजिक नाईट की प्रस्तुति देंगे।

15 चिरायु टीम दूरस्थ अंचल के आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का कर रही है स्वास्थ्य परीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित चिरायु योजना दूरस्थ अंचल के बच्चों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। बच्चों के गंभीर बिमारी को चिन्हांकित करके उनके लिए इलाज की व्यवस्था करती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बच्चों के ईलाज के लिए बड़े से बड़े अस्पताल में भेजा जाता हैं और प्रशासन ईलाज का पूरा खर्च वहन करता है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य

विभाग के टीम जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जा करके नन्हें.मुन्हें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है और गंभीर बिमारी से प्रभावित बच्चों का पोर्टल में एंट्री करके ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही। स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम आज कांसाबेल विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र चिड़ौरा, पत्थलगांव विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र गाला, फ रसाबहार विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र तपकरा, टोंगरीटोली, बगीचा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र रौनी सहित अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के प्रयास से 90 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करके नि:शुल्क दवाई दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत क्लिनिक योजना के तहत 6 हजार विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करके नि:शुल्क दवाई दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जिले में 15 चिरायु टीम काम कर रही है। प्रत्येक टीम अपने-अपने विकासखण्ड के आंगनबाड़ी और शासकीय स्कूलों का निरीक्षण माह में दो बार करती हैं।

राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में गुंजन महानंद ने जीता स्वर्ण पदक

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आल इंडिया कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 31 मई से 2 जून तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम दिल्ली में संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की बेटी गुंजन महानंद ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

समापन समारोह में श्रीनिवास बी अध्यक्ष अखिल भारतीय यूथ कांग्रेस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 50 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लिया। बता दें कि प्रतियोगिता में 28 राज्य से लगभग 3 हजार प्रतिभागी शामिल हुए थे। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य से 6 लोगों ने रेफरी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रतिनिधित्व किया। जिसमें धरमजयगढ़ से अमित मंडल भी शामिल थे। गुंजन महानंद की जीत पर धरमजयगढ़ कराते परिवार ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है।

मध्यम वर्गीय परिवार हेतु गोधन न्याय योजना साबित हो रही अत्यंत लाभकारी

गोबर बेचकर वीरेंद्र को हुआ 50 हजार से अधिक का लाभ

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

कुछ वर्ष पूर्व जिस गोबर का कोई मोल नहीं थाए अब वही गोधन लोगों की आमदनी का प्रमुख जरिया बन रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की लोक कल्याणकारी गोधन न्याय योजना से राज्य के गौपालक किसान और ग्रामीण महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से लाभ कमा रहे हैं। योजनांतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए गौठानों में पशुपालकों से नियमित रूप से गोबर खरीदी की जा रही है। जिससे पशुपालकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है।

विकासखण्ड कोरबा के ग्राम पहन्दा निवासी वीरेंद्र सिंह के दिनचर्या में भी गोधन न्याय योजना से सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। उन्होंने योजना का लाभ लेते हुए अब तक 25 हजार

किलोग्राम से अधिक का गोबर विक्रय कर 50 हजार से अधिक का लाभ अर्जित किया है। हितग्राही ने बताया कि सरकार की गोधन न्याय योजना मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों के लिए बहुत ही लाभकारी है। उन्होंने बताया कि गौ पालन कर दुग्ध व्यवसाय उनका घरेलू व्यवसाय रहा है। योजना प्रारंभ होने से पहले केवल दूध के विक्रय से ही लाभ मिलता था। साथ ही कुछ मात्रा में गोबर का उपयोग पारंपरिक रूप से खाद बनाने में करते थे। शेष गोबर का कोई व्यावसायिक उपयोग नहीं होता था। इस कारण उनका इस व्यवसाय से रूझान कम होता जा रहा था।

परंतु गोधन न्याय योजना के संचालन से अब उन्हें अब दूध के साथ ही गोबर के विक्रय से दोहरा लाभ मिल रहा है। जिससे उनकी रूचि इस कार्य में और बढ़ गई है। गोबर विक्रय से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त आय से उन्हें आर्थिक संबल मिला है। विरेंद्र बताते हैं कि प्राप्त राशि का उपयोग कर उन्होंने अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाया है। जिसमें नए गाय खरीदना एवं उनका समय समय पर इलाज जैसे अन्य कार्य शामिल है। साथ ही घर के लिए आवश्यक चीजों की पूर्ति करने में भी गोधन न्याय योजना से मदद मिली है। हितग्राही ने जनहितकारी योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोगों को लाभ दिला2ने हेतु प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in